

आज महाशिवरात्रि

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-22 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 26 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


जीआईएस भोपाल के समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री ने की मध्यप्रदेश सरकार के नवाचारों की सराहना

## भारत के विकास को गति दे रहा है मध्यप्रदेश : गृह मंत्री श्री शाह

### हमारी निवेश नीतियों को सबने सराहा, निवेशकों का बढ़ा है मध्यप्रदेश पर विश्वास



भोपाल ( निप्र)। केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भोपाल में सम्पन्न दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सिफ मध्यप्रदेश की नहीं, यह देश की उपलब्धि है। उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन देने के लिये उठाये गये कदम भारत के विकास को भी गति देने का कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश निश्चित ही प्रमुख उद्योग राज्य बनेगा। मध्यप्रदेश में निवेशकों में निवेश करने के प्रति विश्वास बढ़ा है। स्थायी और सशक्त सरकार, पारदर्शी प्रशासन, उपयोगी नीतियां, सहयोगी सामाजिक वातावरण, आर्थिक प्रगति के लिये ऐसे आधार हैं, जो मध्यप्रदेश में मौजूद हैं। मध्यप्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य है जिसने जनविश्वास अधिनियम, ईज ऑफ डूइंग के माध्यम से पहल की है। निश्चित ही मध्यप्रदेश टॉप एचीवर बनेगा। केन्द्रीय मंत्री श्री शाह मंगलवार की शाम भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में हुई दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सूत्र वाक्य विरासत भी और विकास भी को मध्यप्रदेश चरितार्थ कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष@2047 तक पूर्ण विकसित भारत का संकल्प किया है। भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। इसमें मध्यप्रदेश अपना योगदान देते हुए महत्वपूर्ण सहयोगी राज्य सिद्ध होगा। मध्यप्रदेश ने लोकल और ग्लोबल दोनों स्तर पर प्रगति के प्रयासों में सहभागी बनने का सराहनीय कार्य किया है। यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट बहुत सफल रही है। इसकी सफलता के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी टीम बधाई और अभिनंदन की पात्र हैं। मध्यप्रदेश में इस समिट में हुए एमओयू जल्द ही मूर्त रूप लेकर प्रदेश के विकास को गति प्रदान करेंगे।

**मध्यप्रदेश में किया गया प्रयोग सम विकास के लिये आवश्यक**

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. द्वारा किया गया रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का प्रयोग सफल रहा। सम विकास के लिये ऐसे प्रयास आवश्यक हैं। अन्य राज्य भी यह प्रयोग कर सकते हैं। प्रत्येक क्षेत्र में अलग तरह का निवेश संभव होता है। मध्यप्रदेश में फिजीकल पोटेंशियल, सेक्टोरल और ग्लोबल पोटेंशियल के मार्ग प्रशस्त हुए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की भावना के अनुरूप मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास का महत्वपूर्ण कार्य हो रहा है।

**निवेशक सरकार की सुविधाओं का लें लाभ : मुख्य सचिव श्री जैन**

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने दो दिवसीय जीआईएस का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जीआईएस में 50 देशों के 25 डेलिगेट्स भोपाल आए। 10 केंद्रीय मंत्री भोपाल और 6 केंद्रीय सचिवों ने भी भागीदारी की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने समिट का शुभारंभ कर हम सबका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई 18 नवीन नीतियों का लोकार्पण भी किया। उन्होंने निवेशकों से आव्हान किया कि मप्र सरकार की इन नीतियों का गहनता से अध्ययन कर लें और सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाएं।


### प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में निवेश का तैयार हुआ सकरात्मक माहौल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह के जीआईएस के समापन सत्र में आने के लिए उनका अभिनंदन करते हुए कहा कि कल प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा जीआईएस का शुभारंभ और आज गृह मंत्री श्री शाह द्वारा समापन से मध्यप्रदेश ने देश के कुशल नेतृत्व का मार्गदर्शन प्राप्त किया है। उन्होंने इसके लिए मध्यप्रदेश की जनता की ओर से आभार जताया। उन्होंने निवेशकों से कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में औद्योगीकरण और निवेश को लेकर एक सकारात्मक माहौल बना है। मप्र में पर्याप्त जल, जंगल, जमीन, बिजली, लैंड बैंक और निवेश के लिये अनुकूल वातावरण बना है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में एक वर्ष पहले क्षेत्रीय स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव (आरआईसी) की शुरुआत की थी, ताकि संभाग स्तर पर औद्योगीकरण और निवेश को और अधिक बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि आरआईसी के बहुत अच्छे परिणाम हमें मिले हैं। आरआईसी में किए गए प्रयासों का प्रतिफल हमें जीआईएस में मिला है। हमने मध्यप्रदेश को आगे बढ़ाने और निवेशकों का हौसला बढ़ाने के लिए निवेश नीतियों में कई बदलाव किए हैं। हमारी नई निवेश नीतियों की सभी ने सराहना की है। हमारी सरकार ने वर्ष-2025 को उद्योग वर्ष घोषित किया है।

## सुरंग में फंसे आठ लोगों को अब रैट माइनर्स की मदद से टनल से निकाला जायेगा

हैदराबाद (आरएनएस)। भारतीय सेना, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों के काफी प्रयासों के बाद भी तेलंगाना के नगरकुरनूल जिले के श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) परियोजना की निर्माणाधीन सुरंग में छत का एक हिस्सा ढह जाने से 14 किमी अंदर फंसे आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में 60 घंटे के बाद भी कोई सफलता नहीं मिल पाई है। वर्ष 2023 में उत्तराखंड के सिल्कयारा बेंड-बरकोट सुरंग में फंसे निर्माण श्रमिकों को बचाने वाले खनिकों (रैट माइनर्स) की एक टीम भी इन आठ लोगों को निकालने के लिए एनडीआरएफ, सेना और अन्य के साथ बचाव कार्य में शामिल हो गई है। बचाव अभियान के लिए सोमवार को एंडोस्कोपिक और रोबोटिक कैमरे सुरंग में लाए गए। इस अभियान में सहायता के लिए एनडीआरएफ डॉग स्क्वायड को भी तैनात किया गया है।



## 1984 के दंगों के मामले में कोर्ट का बड़ा फैसला

### कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्रकैद



नई दिल्ली (ए)। दिल्ली में 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष जज कावेरी बावेजा ने दोपहर 2 बजे के बाद फैसला सुनाया। कोर्ट ने 21 फरवरी को सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।पीड़ित पक्ष ने सज्जन कुमार के लिए मौत की सजा की मांग की थी। सज्जन को 12 फरवरी को सज्जन कुमार को दोषी ठहराया था। मामला दंगों में सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उसके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से जुड़ा है। इस दौरान सज्जन बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद थे।

## उज़्बेकिस्तान के मशहूर डांस समूह बहार ने मेरी में बिखेरा रंग, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

### -उज़्बेकिस्तान के पर्यटन मंत्री उमिद शोडिएव के नेतृत्व में मेरी में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

नई दिल्ली, (आरएनएस)। नई दिल्ली स्थित प्रबंधन शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (मेरी) के अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र में एक ऐसी सांस्कृतिक संध्या सजी, जिसने दर्शकों को उज़्बेकिस्तान की समृद्ध कला और संस्कृति से रूबरू कराया। मशहूर राज्य नृत्य समूह बहार ने अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियों से मंच पर जादू बिखेरा। 1957 में स्थापित इस समूह में 60 से अधिक नर्तक, गायक और संगीतकार शामिल हैं, जो अब तक 20 से अधिक देशों में अपनी कला का परचम लहरा चुके हैं। कार्यक्रम की शुरुआत भक्तिमय गणेश वंदना से हुई, जिसने पूरे माहौल को आध्यात्मिक और सौम्य बना दिया। इसके बाद मंच पर आई उज़्बेक संस्कृति की झलक, जिसने हर किसी को अपनी जगह से बांध दिया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व उज़्बेकिस्तान के पर्यटन मंत्री उमिद शोडिएव ने किया, जिनके साथ उज़्बेकिस्तान के राजदूत सरदोर रुस्तंबायेव, मेरी के अध्यक्ष आई.पी. अग्रवाल और कई अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। जैसे ही रुबाब और दोयरा की धुन गूंजने लगी, मंच पर रंग-बिरंगे परिधानों में सजे कलाकारों ने अपनी दमदार प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। लज़्गी, बुखारा और खोरज़्म नृत्य की शानदार झलक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकार हुश्नोज़ा, रुखशोना, मामुरजोन, संजर और फर्रुख ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से हर किसी को उज़्बेक संस्कृति की खूबसूरती का अनुभव कराया।



**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना, बिहार में जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन पर उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।**

## दिल्ली विधानसभा में हंगामा, आतिशी समेत सभी आप विधायक निलंबित



नई दिल्ली,(ए)। दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को हंगामे के साथ कार्यवाही शुरु हुई। एलजी के अभिभाषण के बीच में ही आम आदमी पार्टी के विधायक हंगामा करने लगे। इससे नाराज स्पीकर ने विपक्ष की नेता आतिशी समेत आप के सभी विधायकों को विधानसभा से पूरे दिन के लिए निलंबित कर दिया। एलजी ने अपने अभिभाषण में कहा कि सरकार पांच प्रमुख चीजों पर काम करेगी जिसमें यमुना, प्रदूषण, भ्रष्टाचार मुक्त शासन, अनाधिकृत कॉलोनियों का नियमितकरण शामिल है। एलजी के अभिभाषण के दौरान बीजेपी विधायक मोदी-मोदी के नारे लगाते रहे।उधर आप विधायक हाथ में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की तस्वीर लेकर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करते नजर आए1 मीडिया से बात करते हुए विपक्ष की नेता आतिशी ने कहा कि बीजेपी ने सीएम दफ्तर और मंत्रियों के कार्यालयों से बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की तस्वीर निकालकर पीएम मोदी की फोटो लगा दी है।

उन्होंने कहा कि मैं बीजेपी से पूछना चाहती हूं कि क्या पीएम मोदी बाबा साहेब से बड़े हो गए हैं? इसके खिलाफ आप ने प्रदर्शन किया और हम सदन से लेकर सड़क तक प्रदर्शन करते रहेंगे, जब तक बाबा साहेब की तस्वीर उनकी जगह नहीं लगा दी जाती है।

### सीएम रेखा ने विधानसभा में पेश की कैग रिपोर्ट, 2000 करोड़ का घाटा; लाइसेंस देने में अनियमितता

नईदिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा सत्र की शुरुआत के साथ ही नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की दिल्ली में शराब की आपूर्ति एवं विनियमन पर निष्पादन लेखापरीक्षा रिपोर्ट पेश की।इसमें अब समाप्त हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति के क्रियान्वयन में खामियों को उजागर किया गया है।रिपोर्ट के अनुसार, आप सरकार द्वारा लाई गई शराब नीति से सरकार को 2,002 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है।कैग रिपोर्ट में 2017-18 से 2021-22 के बीच शराब के विनियमन और सप्लाई की जांच की गई है। इसमें 2021-22 की आबकारी नीति की भी समीक्षा भी की गई है। हालांकि, इस शराब नीति को सितंबर 2022 में वापस ले लिया गया था।

## उज्जैन में होगा प्रदेश का पहला ड्रोन शो

**महाशिवरात्रि पर 1000 ड्रोन से बनेगी महाकाल की आकृति**

उज्जैन (ए)। महाशिवरात्रि पर महाकाल नगरी उज्जैन में आसमान में भगवान शिव की आकृति और उनसे जुड़े प्रतीक चिह्न रंगारंग रूप में दिखाई देंगे। मध्यप्रदेश सरकार के आयोजन विक्रमोत्सव के शुभारंभ दिवस पर संध्या के समय ड्रोन शो के माध्यम से ये अनुपम दृश्य दिखाई देंगे। प्रदेश में पहली बार उज्जैन में यह शो आयोजित होने जा रहा है। महाशिवरात्रि पर्व पर महाकाल नगरी में एक साथ 1000 से ज्यादा ड्रोन उड़ेंगे। आसमान में भगवान शिव की आकृति और उनसे जुड़े प्रतीक चिह्न रंगारंग रूप में दिखाई देंगे। शहर के लोगों को ये पहली बार देखने को मिलेगा। 125 दिनों के विक्रमोत्सव के शुभारंभ समारोह में संस्कृति विभाग के अंतर्गत महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा यह ड्रोन शो आयोजित किया जा रहा है। ड्रोन शो में एक साथ ड्रोन उड़ाकर उन्हें एनिमेटेड किया जाता है। ड्रोन को कंप्यूटर प्रोग्राम के जरिए कंट्रोल किया जाएगा। शो रात में किया जाएगा।






## कमजोर वर्गो के अरमानों का मजाक उड़ाता है सबका साथ, सबका विकास का नारा: खड़गे



नई दिल्ली, (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों की छात्रवृत्ति के लाभार्थियों की संख्या में कथित गिरावट को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि सबका साथ, सबका विकास का नारा कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक चार्ट साझा किया जिसमें उल्लेख है कि एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक बच्चों के लिए छात्रवृत्ति के लाभार्थियों में भारी गिरावट आई है. खड़गे ने एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक पोस्ट में कहा कि नरेंद्र मोदी जी, देश के एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है।

उन्होंने दावा किया कि ये शर्मनाक सरकारी आंकड़े बताते हैं कि सभी वजीफों में मोदी सरकार ने लाभार्थियों की संख्या में भारी कटौती तो की है, साथ ही औसतन साल-दर-साल 25 प्रतिशत फंड भी कम खर्च किया है. खड़गे ने सवाल किया कि जब तक देश के कमजोर वर्ग के छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा, उनके हुनर को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, तब तक हम अपने देश के युवाओं के लिए नौकरियां कैसे बढ़ा पाएंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि आपका सबका साथ, सबका विकास का नारा, रोजाना कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है।

इससे पहले, राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए दावा किया कि दोनों संविधान के खिलाफ हैं. कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत में विचारधारा की लड़ाई चल रही है. एक तरफ कांग्रेस पार्टी संविधान में विश्वास करती है और इसके लिए लड़ रही है।

दूसरी तरफ आरएसएस और भाजपा जो भारतीय संविधान, बीआर अंबेडकर और महात्मा गांधी के संविधान के खिलाफ हैं, इसे कमजोर करते हैं और इसे खत्म करना चाहते हैं. भारतीय संविधान सिर्फ एक किताब नहीं बल्कि भारत की हजारों साल पुरानी सोच है. इस संविधान में भारत के महान व्यक्तियों की आवाज और सोच है।

## आज़म खां के बेटे व पूर्व विधायक अब्दुल्ला आज़म की जेल से हुई रिहाई

हरदोई ,(आरएनएस)। सपा सरकार में मंत्री रहे आज़म खां के बेटे व पूर्व विधायक अब्दुल्ला आज़म को 17 महीनें बाद जेल से हुई रिहाई आप को बताते चलें कि मीडिया के अलावा सपा के तमाम नेताओं के अलावा रिहाई की खबर सुनते ही उनके समर्थको की भीड़ सुबह से ही जेल के बाहर इकट्ठा हो गई। तकरीबन 5 घंटे के इंतज़ार के बाद जैसे ही अब्दुल्ला आज़म जेल से बाहर निकले,मीडिया ने उन्हे घेर लिया,एक के बाद एक कर कई सवाल किए,लेकिन अब्दुल्ला आज़म ने उन पर कोई खास तवज्जो नहीं दी,उनकी गाड़ी को निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।बताते चले कि सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आज़म के ऊपर दस्तावेज़ो में फर्ज़ीवाड़ा करने के अलावा और भी कई आरोपों के चलते उन्हे सज़ा हुई थी। पूर्व विधायक 17 महीनें से हरदोई जेल में बंद चले आ रहे थे,पिछले दिनों उन्हे रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट से ज़मानत मिलने के बाद रिहाई हुई। मंगलवार को उनकी रिहाई होने की खबर सुनते ही तमाम समर्थक जेल के बाहर इकट्ठा हो गए,साथ ही सपा ज़िलाध्यक्ष शराफत अली,पूर्व ज़िलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा जीतू के साथ उनके घर-परिवार के लोग वहां पहुंच गए। तकरीबन 5 घंटे क इंतज़ार के बाद जैसे ही अब्दुल्ला आज़म जेल से बाहर निकले,नारेबाज़ी करते हुए आगे बढ़े उनके समर्थको ने घेर लिया।इस बीच मीडिया ने उनसे एक के बाद एक कर कई सवाल किए,लेकिन पूर्व विधायक उन पर कोई खास तवज्जो नहीं दी,हां बस इतना ज़रूर रहा कि गाड़ी तक पहुंचने के बाद उन्होंने भीड़ की तरफ देख कर खुशी का इज़हार किया,उसके बाद उनकी गाड़ियों का काफिला रामपुर के लिए रवाना हो गया।





# व्यापार-व्यवसाय में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने सहकारिता के थीमेटिक सेशन को किया संबोधित




भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि व्यापार-व्यवसाय में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। दुग्ध क्षेत्र, पर्यटन, एमएसएमई सहित हर क्षेत्र में सहकारिता का अलग ही महत्व है। सहकारिता के बिना कुछ भी संभव नहीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जीआईएस के दूसरे दिन थीमेटिक सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से आश्वासन दिया कि जिस क्षेत्र में भी इन्वेस्टर काम करना चाहते हैं, म.प्र. सरकार उनका पूरा सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में 19 एमओयू होना क्रांतिकारी पहल है। यह सहकारिता और अर्थव्यवस्था को नया आयाम देने के लिये उपयोगी साबित होंगे। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने को-ऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट-पार्टनरशिप (सीपीपीपी) मॉडल की घोषणा कर सहकारिता क्षेत्र में सीपीपीपी के तहत कुल राशि 2305 करोड़ रूपये की राशि में 19 एमओयू किये गये। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश का सीपीपीपी मॉडल देश की सहकारिता को बदलने का काम करेगा। बिना सहकार के रोजमर्रा की जिंदगी नहीं जी सकते। सहकारिता क्षेत्र में बड़े-बड़े उद्योगपतियों को भी जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र का नेटवर्क बहुत बड़ा है। हर व्यक्ति तक पहुंच बनाने के लिए सहकारिता बड़ा माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-2047 के सपने को पूरा करने के लिये सहकारिता को मूल बनाया तो उस ध्येय तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सहकार से ही समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।मंत्री श्री सारंग ने सहकारिता विभाग में निवेश विंग की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि निवेश विंग डे-टू-डे काम करेगी। वो स्वयं इसकी मॉनीटरिंग करेंगे। उन्होंने जुड रहे निवेशकों का धन्यवाद दिया और नये इन्वेस्टर से जुडने का आग्रह किया कि सभी देश और प्रदेश की इकॉनॉमी ग्रोथ में अपना योगदान दें।केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री सिद्धार्थ ने कहा कि सहकारिता हमारा संस्कार है। पुराने समय से ही सहकारिता का अपना अलग महत्व है। उन्होंने बताया कि एक लाख पैक्स देशभर में है और 30 करोड़ की आबादी सहकारिता से जुड़ी हुई हैं। इस अमृतकाल में यही वह क्षेत्र है जो बहुत ज्यादा आगे बढ़ सकता है। सहकारिता में पैक्स को कम्प्यूटराईजेशन का काम चल रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं विश्वास करें अगले दो वर्ष में यह समृद्धि के नये कीर्तिमान रचेगी। म.प्र. का नया सीपीपीपी मॉडल को भारत सरकार की ओर से पूरा सहयोग कर आगे बढ़ाया जायेगा। अपर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल ने कहा कि जीआईएस में पहली बार सहकारिता क्षेत्र को जोड़ा गया है। हर क्षेत्र में सहकारिता की समितियां है। उन्होंने बातया कि मध्यप्रदेश में एक करोड़ 9 लाख सदस्य है और 16 हजार आउटलेट का नेटवर्क है।




केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में खाद्य - प्रसंस्करण सेशन को संबोधित किया।

# कभी गर्मी का एहसास तो कभी हल्की ठंड, तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है. कभी गर्मी का एहसास हो रहा हो तो कभी हल्की ठंड का. बीती रात की बात करें तो कई शहरों के न्यूनतम तापमान में उछाल आया है. जबकि पहाड़ों पर बर्फबारी होने और उत्तरी हवाएं चलने के कारण प्रदेश के कई शहरों के रात के तापमान में हल्की गिरावट आई।

मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव नहीं होने के कारण हवाएं उत्तरी दिशा में बह रही है. ऐसे में पडाहों पर बर्फबारी के कारण कई राज्यों में ठंडी हवाएं आ रही है. लेकिन प्रदेश में मौसम साफ बना हुआ है. भोपाल की बात करें तो सोमवार को राजधानी में आसमान साफ रहा. जबकि रात के न्यूनतम तापमान में भी हल्का उछाल देखा गया।

वहीं, पचमढ़ी सबसे ठंडी रही. रात के तापमान की बात करें तो 8 डिग्री दर्ज किया गया है. शहडोल के कल्याणपुर, शाजापुर के गिरवर में 9.4 डिग्री, अशोकनगर के आंवरी में 10.2 डिग्री, सिंगरौली के देवरा में 10.7 डिग्री और छतरपुर के खजुराहो में तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहा।

# देर रात बस में लगी आग से फैली सनसनी, साजिश या हादसा जांच कर रही पुलिस



भोपाल(ए)। शहर के कमला नगर थाना इलाके में बीती देर रात एक खड़ी बस में अचानक आग लगने से सनसनी फैल गई। बताया गया है की आग बस के पिछले हिस्से से लगी आग थी, जिससे चलते पुलिस को आशंका है की आग किसी ने जानबूझकर लगाई होगी। तेजी से फैलती आग ने देखते ही देखते पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार शारदा विद्या मंदिर स्कूल में अटैच बस रोजाना की तरह वैशाली नगर तिराहे के पास खाली पड़े मैदान में खड़ी थी। बस मालिक भी पास में ही रहता है, जिसके चलते रोजाना रात के समय बस यहां पर खड़ी की जाती है। सोमवार रात करीब 12 बजे खड़ी हुई बस के पिछले हिस्से में अचानक आग लग गई। लोगों ने बस में लगी आग को देख फौरन ही इसकी सूचना फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी। खबर मिलने पर जब तक दमकले मौके पर पहुंचती तब तक आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया था। आग लगने से बस की सीट व अन्य सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो चुका था। बाद में करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद फायर फायटरो ने दमकलो की मदद से आग पर काबू पा लिया। आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया की आग लगने से पहले उन्होंने धमाके की आवाज सुनी थी। जब वे घरों से बाहर निकले तो उन्हें बस में आग लगी नजर आई। आशंका है कि किसी असामाजिक तत्व ने बस में आग लगाई है। हालांकि पुलिस का कहना है की बस के सभी कांच बंद थे,और शार्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका है। हालांकि पुलिस मामले में आगे की जांच में जुटी है।

## बिजली चोरी की सूचना देने वालों को मिलेगा पारितोषिक

### चोरी की राशि वसूल होने पर आउटसोर्स कर्मचारियों को भी मिलेगा लाभ

भोपाल (आरएनएस)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में अब बिजली चोरी की रोकथाम के चलाई जा रही पारितोषिक योजना के तहत बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली करने में विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि अब आउटसोर्स कर्मचारियों को भी दी जायेगी। वर्तमान में विभागीय दायित्वों का निर्वहन आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा भी किया जा रहा है। विभिन्न परिसरों की जांच एवं जांच के उपरांत बनाये गये पंचनामा के आधार पर आरोपियों से जुर्माने की राशि वसूली में, सर्विस प्रोवाइडर के माध्यम से नियुक्त आउटसोर्स कर्मचारी महत?वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ जांच एवं वसूली के कार्य में सम्मिलित आउटसोर्स कर्मचारियों को भी परितोषिक योजनान्तर्गत 2.5 (ढाई) प्रतिशत प्रोत्साहन राशि के रूप में दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

## खेत में घास काटते समय विवाहिता की करंट से झुलसकर मौत

भोपाल(ए.)। देहात इलाके के रातीबड़ थाना क्षेत्र में करंट से झुलसकर विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। हादसे में समय वह खेत में हसिंये से घास काट रही थी, उसी दौरान हंसियां और खेत में लगी पानी की मोटर के तार से टच हो गया था। पुलिस को हसियां पंप के तार से चिपका मिला है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अुनसार ग्राम बिसनखेड़ी में रहने वाले विनोद मेहर का परिवार खेती-किसानी करता है। गॉव में ही उनकी खेती की जमीन है। बीते दिन विनोद की पत्नि बबीता बाई मेहर पति (32) खेत में मवेशियों के लिए घास काटने गई थी। खेत में पानी देने के लिए मोटर पंप लगाया गया था, इसका तार खेत में ही फैला है। खेत में घास काटते समय बबीता बाई का हंसियां तार से टच हो गया और करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर जब वह काफी देर तक घर नहीं पहुंची तब पति ने उसे उसे फोन लगाया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद परिवार वाले उसे देखने के लिये खेत पर पहुंचे तो वहॉ बबीता बाई का शव पड़ा नजर आया। बाद में सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जॉच के बाद मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है।

## प्रदेश के बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर आने तक विकास संभव नहीं

भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री के साथ बैठक के बाद चुप्पी साधे निकले भाजपा नेताओं को लेकर किए गए सवाल पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा के अंदर प्रधानमंत्री और सरसंघचालक को ही बोलने का सिर्फ अधिकार है। बाकी सब मुंह पर हाथ और पट्टी बांधकर चलते हैं। इनके संगठन के अंदर लोकतंत्र नहीं है। भाजपा हमेशा लोकतंत्र की हत्या करती आई है और यही इनके संगठन में भी दिखा।

नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि मध्यप्रदेश में विकास ही नहीं हो रहा, तो प्रदेश भाजपा के नेता किस मुंह से प्रधानमंत्री को बोलेंगे। किस मुंह से कहेंगे कि मध्यप्रदेश बीमारू राज्य है। उन्होंने कहा क्या प्रधानमंत्री को सिर्फ पर्यटन ही कराएंगे ? उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी को मुख्यमंत्री और मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड लेना चाहिए जिससे मालूम पड़ जाएगा कि किसका परफॉर्मेंस क्या है और कौन घोटालेबाज है।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जबतक मध्यप्रदेश बीमारू राज्य से बाहर नहीं आएगा। तब तक प्रदेश का विकास नहीं होगा और ना ही आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार के कारण इन्वेस्टर पैदल चल रहा है और उद्योग डालने के बाद भी पैदल चलेगा। भ्रष्टाचार खत्म होगा तो अपने आप उद्योगपति गाड़ी पर चलेगा।

# उज्जैन में बनेगा एयरपोर्ट : केन्द्रीय उड्यन मंत्री श्री नायडू

### शहरों का ट्रांजिट ओरिएंटेड डेव्हलपमेंट होगा : नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय प्रदेश में विमान सेवाएं बढ़ाते हुए 5 एमओयू

भोपाल(ए.)। शहरों का ट्रांजिट ओरिएंटेड डेव्हलपमेंट किया जाएगा। शहरों में सुव्यवस्थित ट्राफिक के लिये अंडरब्रिज बनाने पर विचार किया जाएगा। नगरों के विकास के लिये बनाई गई पॉलिसी में आपके सुझावों पर जरूरी परिवर्तन किये जाएंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यह बात ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 के अर्बन डेव्हलपमेंट सेशन में कही। केन्द्रीय नागरिक उड्यन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि उज्जैन में एयरपोर्ट बनाया जाएगा। पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों के नियम-कानूनों की शहरी विकास के कानूनों से समानता होनी चाहिए। श्रम कानूनों में सुधार होगा, जिससे उद्योगपति और श्रमिक के बीच टकराव की स्थिति नहीं बनेगी। अतिथियों ने एमपी ईवी तरंग पोर्टल को लांच किया।




### एमओयू में हुए शामिल

शहरों में विमान सेवाओं के उद्देश्य से पाँच कम्पनियों के साथ एमओयू हुए। एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ अंतर्राष्ट्रीय रूट इंदौर से आबुधाबी और इंदौर से बैंकॉक और घरेलू रूट इंदौर से पटना, इंदौर से कोच्ची एवं इंदौर से वाराणसी के लिये विमान सेवाएं शुरू करने के लिये एमओयू हुआ। फ्रेंकफिन कम्पनी के साथ मध्यप्रदेश में 5 एविएशन एकेडमी शुरू करने के लिये एमओयू हुआ। इसमें 6 से 7 हजार लोगों को रोजगार मिलना संभावित है। फ्लाई भारती के साथ उज्जैन में एयरपोर्ट डेव्हलपमेंट के लिये एमओयू हुआ। इसमें 750 करोड़ रूपये का निवेश होगा। कंपनी प्रधान एयर के साथ उज्जैन में और राज्य के भीतर हवाई सेवाएं शुरू करने के लिये एमओयू हुआ। इसमें 150 करोड़ रूपये का निवेश होगा। इन एविया एविएशन कंसलटेंट जीएमबीएच के साथ भोपाल में मेंटीनेंस रिपेयर एण्ड ऑपरेशन (एमआरओ) की स्थापना के लिये एमओयू हुआ। इसमें प्रथम चरण में 500 करोड़ रूपये के निवेश की संभावना है। एक एमओयू एडिमिनिस्ट्रेटिव स्टॉफ कॉलेज ऑफ इंडिया के ट्रेनिंग इन्सट्रीट्यूट के साथ नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने किया है।

## दुकान के सामने विवाद करने से मना करने पर बदमाशों ने पिता-पुत्र पर किया हथियारों से हमला

भोपाल(ए)। राजधानी के अशोका गार्डन थाना इलाके के सुभाष कॉलोनी में कुछ युवकों का आपस में विवाद हो गया। इस दौरान आरोपियों ने पत्थरबाजी की, जिससे दुकानों को नुकसान हुआ है। दुकान मालिक ने युवको को फटकार लगाते हुए वहां से जाने को कहा। बाद में आये बदमाशो ने दुकान मालिक और उसके बेटे पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करते हुए उन्हें घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार -1 पानी की टंकी के सामने सुभाष कॉलोनी अशोका गार्डन में रहने वाले फरियादी मदन मोहन शर्मा पिता स्व. गंगा प्रसाद शर्मा (66) ने अपने बेटों राकेश शर्मा, शमी शर्मा और शैलेन्द्र सिंह के साथ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की उनके घर के नीचे बनी दुकानों को किराये पर दे रखा है। एक दुकान टीवी मैकेनिक शैलेन्द्र सिंह और दूसरी बिल्डिंग मटेरियल की दुकान मुकेश साहू के पास है। बीती शाम करीब 6 बजे दुकानों के सामने आरोपी आरिफ और उसके साथी आपस में झगडा कर रहे थे।

# गेहूँ खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें : खाद्य मंत्री श्री राजपूत

## न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगी किसानों से अच्छी गुणवत्ता की फसल की खरीदी



भोपाल (निप्र) खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने निर्देश दिये हैं कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 के गेहूँ उपार्जन की अवधि के दौरान उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए सभी पर्याप्त सुविधाएं होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर उपार्जन कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने यह निर्देश मंत्रालय में रबी उपार्जन नीति की समीक्षा के दौरान दिये।


श्री राजपूत ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए छाया की सुविधा के लिए शेड लगवाएं जाएं तथा पीने के पानी, प्रतीक्षा कक्ष, दरियां, टेबल, कुर्सी तथा शौचालय आदि का पर्याप्त प्रबंध करें। उन्होंने निर्देश दिये कि समिति स्तर पर पर्याप्त बिजली की सुविधा, हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन, इलेक्ट्रॉनिक उपार्जन उपकरण तथा किसानों की जानकारी के लिए सूचना पटल पर उपार्जन संबंधी जानकारी प्रदर्शित करें। श्री राजपूत ने निर्देश दिये कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता लाएं ताकि गेहूँ खरीदी केन्द्रों तक अधिकतम पंजीकृत किसान अपनी फसल लेकर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों को गेहूं उपार्जन के बाद जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित करें। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में गेहूँ खरीदी का कार्य 1 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा जो 18 अप्रैल तक चलेगा। वहीं शेष संभागों में 17 मार्च से 5 मई 2025 तक गेहूँ खरीदी का कार्य उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किया जाएगा।

### 80 लाख मीट्रिक टन गेहूँ उत्पादन का अनुमान

प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने बताया कि अभी तक 2 लाख 91 हजार से अधिक किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है। उन्होंने बताया कि इस बार मध्यप्रदेश में 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन का अनुमान है। बैठक में आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने बताया कि गेहूँ उपार्जन में स्लाट बुकिंग के लिए लघु और सीमांत किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि खरीदी के लिए किसानों को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी उपयोग किया जाएगा। इस दौरान विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# इन्वेस्टर समिट में प्रधानमंत्री का भाषण ''बासी कड़ी में उबाल'' लाने का प्रयास

### -मोदी ने औद्योगिक विकास के लिए नहीं निकाली कोई पर्ची, -प्रदेश को मिली सिर्फ बातों की जमा-खर्ची: जीतू पटवारी



भोपाल, (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी ने कहा कि मप्र में औद्योगिक विकास के जरिये गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याओं को दूर किया जा सकता है, इस आशा से हम प्रदेश के पधारे निवेशकर्ताओं और उद्योगपतियों का आत्मीय स्वागत करते हैं, अभिनंदन करते हैं।श्री पटवारी ने कहा कि मैं आप सभी का स्वागत करते हुये यह कहना भी चाहता हूं कि मेरे मध्य प्रदेश की एक अलग परंपरा और पहचान है। देश का हृदय प्रदेश भी औद्योगिक विकास के जरिए गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से लड़कर, उन्हें दूर करना चाहता है। मैं मानता हूं कि प्रदेश में उचित निवेश बड़ी समस्याओं से निपटने के लिए औद्योगिक उन्नति सुधार का एक बड़ा रास्ता बना सकता है। निवेश आज के मप्र की आवश्यकता ही नहीं, अब अनिवार्यता बन चुकी है। इसीलिए, आप सभी की उपयोगिता अत्यंत आवश्यक है।

श्री पटवारी ने कहा कि आग्रह यही है निवेश और विकास के सभी दावे सच्चे हों, क्योंकि ऐसी कागजी-कलाबाजियां और इवेंटबाजियां अब तक प्रदेश देखता चला आ रहा है और प्रदेशवासियों को निराशा ही हाथ लगी है। आज पूरा प्रदेश इन्वेटर समिट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भाषण बड़ी उम्मीद लगाकर सुन रहा था।

प्रधानमंत्री जैसे पद पर आसीन व्यक्ति जब बोलता है तब परिवर्तन और विकास सुनिश्चित होता है, किंतु उनके रटे-रटाये भाषण में न कोई दृष्टिकोण था, न ही कोई संकल्प था। प्रदेशवासियों को उनसे औद्योगिक विकास के लिए कोई विशेष पैकेज एवं घोषणा की अपेक्षा थी और वे यह भी बताते कि पिछली भाजपा सरकारों में की गई इन्वेस्टर समिट की विफलताओं के क्या कारण थे, जिसमें दावों के अनुपात में महज 3 प्रतिशत का ही निवेश आया? श्री पटवारी ने कहा कि मोदी ने उद्योगपतियों का कीमती समय 20 साल पहले कांग्रेस सरकारों की आलोचना करने में खराब कर दिया, जबकि उन्हें बताना था कि उनके पास निवेश के लिए क्या सहूलियतें हैं, इतने बड़े मंच से ऐसी छोटी राजनीति करने से उद्योगपति बिदक जाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों के दौरान बम्फर निवेश आया था, जिसके ज्वलंत उदाहरण मंडीदीप, गोविंदपुरा, मालनपुर, पीथमपुर जैसे औद्योगिक क्षेत्र हैं। वहीं भाजपा सरकारों के दौरान एक भी औद्योगिक क्षेत्र विकसित नहीं हुआ और जो कांग्रेस ने उद्योग लगाये थे, उनकी हालत दयनीय हो चुकी है।

# एक जिला-एक उत्पाद जोन रहा जीआईएस का विशेष आकर्षण

## निवेशकों और मेहमानों ने प्रदेश के उत्पादों को सराहा




इन्दौर (आरएनएस)। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 में आए विदेशी और स्वदेशी निवेशकों के लिये मानव संग्रहालय परिसर में "एक जिला-एक उत्पाद" जोन बनाया गया। यह जोन एक जिला-एक उत्पाद योजना में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से चयनित उत्पादों के परिचय और निवेश को आकर्षित करने के लिये बनाया गया। समिट में मध्यप्रदेश के एक जिला-एक उत्पाद योजना में स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने की दृष्टि से "वन ड्रिस्ट्रिक-वन प्रोडक्ट विलेज" की वृहद प्रदर्शनी भी लगाई गई। जीआईएस में शामिल विदेशी निवेशकों और मेहमानों के लिये यह जोन विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। निवेशकों ने ओडीओपी जोन में अलग-अलग जिलों के चयनित उत्पादों को देखा, समझा और सराहा। मानव संग्रहालय परिसर के स्थित ओडीओपी जोन में विदेशी निवेशकों और मेहमानों को प्रदेश की रंग-बिरंगी लोक संस्कृति की झलक दिखाई गई। बुंदेलखंड के बधाई, बैतूल के कोरकू समुदाय का गडली सुसुन नृत्य, बांसूरी की मधुर तान, ढोल और झुंझुरी की थाप ने पूरे माहौल को आनंदित कर दिया।

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोक कलाकारों ने रंग-बिरंगे परिधानों से सजकर लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। ओडीओपी जोन देखने आए निवेशकों और मेहमानों ने लोक कलाकारों का तालियों से उत्साहवर्धन किया और सेल्फी भी खिंचवाई।

ओडीओपी जोन में प्रदेश के विभिन्न जिलों के विशिष्ट उत्पाद जैसे ग्वालियर सैंड स्टोन, बुरहानपुर केले के प्रोडक्ट, बैतूल मैटल की सजावट सामग्री, शिवपुरी जैकेट, सीहोर लकड़ी के खिलौने आदि उत्पादों का अवलोकन किया। सभी ने उत्पादों की गुणवत्ता और रचनात्मकता की सराहना की। मेहमानों ने बुंदेली, मालवी और परम्परागत जनजातीय व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

# 4500 लीटर शराब पर चला रोडरोलर

मंडला (आरएनएस)। सोमवार को आमानाला में कलेक्टर सोमेश मिश्रा और एसपी रजत सकलेचा की मौजूदगी में 54 लाख रुपए की अवैध शराब नष्ट की गई। यह शराब मंडला नैनपुर थाना क्षेत्र में 2017 से 2021 तक पांच अलग-अलग मामलों में जब्त की गई थी। एसपी रजत सकलेचा ने कहा कि शराब निषेध क्षेत्र में जैसे ही सूचना मिलती है पुलिस और आबकारी विभाग कार्रवाई करते हैं। पिछले साल कई बड़े मामले दर्ज किए गए। होली से पहले यह कार्रवाई अवैध शराब कारोबारियों को चेतावनी के तौर पर की गई है।शराब नष्ट करने के लिए पुलिस, राजस्व और आबकारी विभाग के अधिकारियों की एक समिति बनाई जाती है। शराब नष्ट करने के बाद कांच और अन्य कचरे का भी उचित निपटान किया जाता है।

कार्रवाई के दौरान एएसपी डॉ अमित वर्मा, आबकारी अधिकारी, नैनपुर एसडीएम, तहसीलदार मंडला, एसडीओपी पीयूष मिश्रा, निरीक्षक शफीक खान और निरीक्षक बलदेव सिंह मुजाल्दा समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# कोचिंग छात्रों ने की सड़क पर मारपीट

निवाड़ी (आरएनएस)। जिले में कोचिंग छात्रों के बीच सड़क पर मारपीट का मामला सामने आया है। यह घटना पृथ्वीपुर थाना क्षेत्र के फव्वारे चौराहे पर हुई। सोमवार दोपहर को कोचिंग से लौट रहे छात्रों के दो गुटों में पहले बहस शुरू हुई।सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि तीन-चार छात्रों ने एक छात्र को घेर लिया। आरोपी छात्रों ने पहले पीड़ित की कॉलर पकड़ी। फिर उस पर हमला कर दिया। इसके बाद उसे जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से पीटा।आसपास के लोगों ने छात्रों को रोकने का प्रयास किया। लेकिन आरोपी छात्र नहीं माने। वे लगातार मारपीट करते रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार उन्होंने छात्रों को एक युवक को घेरकर पीटते देखा। झगड़े का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पृथ्वीपुर थाना प्रभारी पंकज मुदगल ने बताया कि अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# ट्रक की टक्कर से पति की मौत, पत्नी गंभीर

बालाघाट (आरएनएस)। जिले के वारासिवनी में सोमवार दोपहर सड़क हादसे में महाराष्ट्र के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल है।गोंदिया के रापेवाड़ा निवासी 50 वर्षीय राजेश टेंभरे अपनी पत्नी ममता के साथ मोटरसाइकिल से वारासिवनी तहसील कार्यालय जा रहे थे। टेलीफोन एक्सचेंज चौक पर पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक पलट गई। राजेश का सिर ट्रक के पहिए के नीचे आ गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पीछे बैठी ममता गंभीर रूप से घायल हो गई।वारासिवनी पुलिस ने दोनों को सिविल अस्पताल पहुंचाया। ममता को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल भी मौके पर पहुंचे।मृतक के रिश्तेदार निशांत बिसेन ने बताया कि राजेश उनके बहनोई थे। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में फैले अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई है। फुटकर और स्थायी दुकानदारों ने सड़क तक दुकान की सामग्री रख छोड़ी है। जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।

# कार से 3 किलो गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

सतना (आरएनएस)। सभापुर थाना पुलिस ने बिरसिंहपुर स्टेडियम के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 3 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद हुआ है।थाना प्रभारी शंखधर द्विवेदी के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर रविवार रात को कार्रवाई की गई। पुलिस ने कार नंबर एमपी19सीबी0206 से विवेक कुमार पांडेय (33) और शाहबाज उर्फ रिजवान कादरी (32) को पकड़ा। दोनों आरोपी वार्ड 5 बिरसिंहपुर के रहने वाले हैं।कार की तलाशी में एक झोले से तीन अलग-अलग पैकेट में गांजा मिला। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने यह गांजा सतना की रेखा गुप्ता उर्फ कोमल और सूरज कुशवाहा से खरीदा था। पुलिस ने कार को जब्त कर दोनों आरोपियों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जांच में सामने आया कि विवेक के खिलाफ 9 और शाहबाज के खिलाफ 7 आपराधिक मामले पहले से ही न्यायालय में विचाराधीन हैं। पुलिस अब गांजा सप्लाई करने वाले रेखा गुप्ता और सूरज कुशवाहा की तलाश कर रही है।

# रंगपंचमी पर करीला धाम में मेला को लेकर तैयारी शुरू

अशोकनगर (आरएनएस)। जिले के मां जानकी धाम करीला में रंगपंचमी पर तीन दिवसीय मेला लगेगा। सोमवार को इसी के तैयारियों के संबंध में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए की पेयजल व्यवस्था करें।

विद्युत मंडल को डीपी स्थापना और हाईमास्क लगाने के साथ पार्किंग में रोशनी की व्यवस्था करने को कहा गया। कानीखेड़ा, बामोरीशाला और वीआईपी स्थल पर जनरेटर की व्यवस्था की जाएगी।

लोक निर्माण विभाग सड़कों की मरम्मत और बैरिकेडिंग करेगा। जल संसाधन विभाग कोचा मोला डैम पर सुरक्षा जाली लगाएगा। होमगार्ड विभाग गोताखोरों की व्यवस्था करेगा और आसपास के गांवों के तैराक युवाओं को चिह्नित करेगा।

मंदिर ट्रस्ट रंगाई-पुताई, साफ-सफाई, पांच वॉच टावर और खोया-पाया केंद्र की स्थापना करेगा। स्वास्थ्य विभाग एम्बुलेंस और अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था करेगा। परिवहन विभाग ओवरलोडिंग वाहनों की जांच करेगा। आबकारी विभाग अवैध शराब रोकने के लिए चेकिंग करेगा। खाद्य आपूर्ति विभाग सिलेंडरों की जांच करेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग महिला दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए महिला कर्मचारियों की तैनाती करेगा। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन ने सुरक्षा व्यवस्था और पार्किंग स्थल की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

## वीयू- पत्रकार वार्ता का आयोजन

# नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह दिनांक 28 फरवरी को




जबलपुर(ए.)। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह दिनांक 28 फरवरी 2025 को होने जा रहा है जिस हेतु एक पत्रकार वार्ता का आयोजन आज दिनांक 25/2/25 को किया गया जिसे विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए जानकारी दी के माननीय उपलब्धिपति एवं राज्यपाल डॉ मांगू भाई पटेल जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा, जिसमें पशु पालन मंत्री लाखन सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे । सप्तम दीक्षांत समारोह दीक्षांत भाषण डॉ बी एन त्रिपाठी माननीय कुलपति शेरे कश्मीर एग्रीकल्चर एंड साइंस विश्वविद्यालय द्वारा दिया जाएगा। इस सातवें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 21- 22 ,22-23 तथा 23- 24 के कुल 1029 छात्राओं को उपाधि प्रदान किया जाना है। जिसमें बी वी एस सी के 678 ,एम बी एस सी के 229, पी एच डी 34, बी एफ सी के 76, एम एफ एस सी के 12 , 12 स्वर्ण पदक,3 पीएचडी योग्यता प्रमाण पत्र शामिल है।साथ ही आर वी सी कोर में चयनित पूर्व छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।पत्रकार वार्ता में कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा कुल सचिव डॉक्टर से तोमर सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर सोना दुबे बालक दास राजपूत तथा विभिन्न प्रिंट तथा डिजिटल मीडिया से पधारे पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## व्यापार समाचार

# राजस्थान में पहुँच बढ़ाते हुए भरतपुर में प्योर ईवी का नया शोरूम लॉन्च

भरतपुर (आरएनएस)। भारत की प्रमुख इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी, प्योर ईवी ने अपने विस्तार को जारी रखते हुए, भरतपुर में नया शोरूम लॉन्च किया है। 2,000 वर्ग फुट में फैला यह शोरूम, 500 वर्ग फुट की सर्विस फैसिलिटी के साथ, ग्राहकों को बेहतरीन इलेक्ट्रिक स्कूटर्स और सेवाएँ देने के लिए तैयार है। इस नए लॉन्च के साथ प्योर ईवी ने उत्तर भारत में अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है।

भरतपुर में ईवी की बढ़ती डिमांड और ग्रीन एनर्जी को अपनाने की नीति इसे इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए एक बेहतरीन बाजार बनाती है। कंपनी के उन्नत बैटरी टेक्नोलॉजी, दमदार परफॉर्मेंस और स्टाइलिश डिजाइन वाले टू-व्हीलर्स अब इस शहर में भी आसानी से उपलब्ध होंगे, जिससे ईवी प्रेमियों को बेहतर विकल्प मिलेगा और राजस्थान के पर्यावरण हितैषी प्रयासों को भी बल मिलेगा।

शोरूम के लॉन्च पर प्योर ईवी के को-फाउंडर और सीईओ रोहित वड़ेरा ने कहा, बढ़ती जागरूकता और सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट की माँग के चलते राजस्थान इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के भविष्य में अहम् भूमिका निभाने के लिए तैयार है। हमें इस बदलाव का हिस्सा बनने की खुशी है। हमारा लक्ष्य ऐसे अत्याधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल टू-व्हीलर्स देना है, जो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में नए मानक स्थापित करें।

# पेटीएम ने व्यापारियों के लिए भारत का पहला सोलर साउंडबॉक्स लॉन्च किया

जयपुर (आरएनएस)। पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) जो भारत की अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा वितरण कंपनी है तथा क्यूआर कोड, साउंड बॉक्स और मोबाइल भुगतान की अग्रणी रही है, ने व्यापारियों के लिए 'पेटीएम सॉलर साउंडबॉक्स' लॉन्च किया है, जो भारत में अपनी तरह का पहला उपकरण है। यह इनोवेशन हल्की धूप में भी जल्दी चार्ज होकर पूरे दिन की पावर प्रदान करता है, जिससे छोटे दुकानदारों और व्यापारियों को बिना किसी परेशानी के भुगतान और विश्वसनीय सेवा मिलती है। भारत में बना यह पेटीएम सॉलर साउंड बॉक्स एक एनवायरमेंट फ्रेंडली समाधान है, जो कम लागत वाले वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत का उपयोग करता है। यह ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के साथ-साथ उन स्थानों में भी व्यापारियों को डिजिटल इकोसिस्टम का हिस्सा बनने में सक्षम बनाता है जहां बिजली की कमी होती है। इसके साथ, पेटीएम व्यापारियों को समर्थन देना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और पूरे देश में स्थायी प्रथाओं को प्रोत्साहित करना जारी रखता है।

# सिम खरीदने से पहले जरूर जाने ये जानकारी, नहीं तो लगेगा 2 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली (आरएनएस)। साइबर फ्रॉड पर लगाम लगाने के लिए टेलीकॉम इंडस्ट्री ने सिम कार्ड से जुड़े कई बदलाव किए हैं। जो कि लागू भी कर दिए गए है। नियमों के मुताबिक अगर आप अपने आधार कार्ड से कई सिम लेते है तो आपकों लाखों रुपए का जुर्माना भी लग सकता है। सिम कार्ड को बेचने के लिए सरकार ने रिटेलर्स के लिए नए नियम जारी कर दिए हैं। अब रिटेलर्स को इस प्रक्रिया का पालन कर ही सिम कार्ड बेचना होगा। ग्राहक के नाम पर कितने सिम कार्ड कनेक्शन हैं, इसकी जांच करनी होगी। साथ ही अगर ग्राहक ने अलग-अलग नाम से कनेक्शन लिए हैं, तो उसकी भी जांच अब की जाएगी। इसके साथ ही ग्राहक की फोटो भी अब 10 अलग-अलग एंगल से लेनी होगी। नियमों के अनुसार, एक व्यक्ति अपने आधार से सिर्फ 9 सिम खरीद सकता है। 9 से ज्यादा सिम कार्ड रखने पर पहली बार उल्लंघन करने वाले पर 50,000 रुपये और बार-बार उल्लंघन करने वालों के लिए 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

# कई कंपनियां अपनी मोटरसाइकिल पर दे रही हैं बड़े डिस्काउंट



नई दिल्ली (ए)। कई कंपनियां ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अपनी मोटरसाइकिल पर बड़े डिस्काउंट दे रही हैं। इसी क्रम में मोटो मोरिनी ने अपनी लोकप्रिय बाइक सेइमेज्जो 650 स्क्रैम्बलर की कीमत में 1.90 लाख रुपये की भारी कटौती की है।इस कटौती के बाद बाइक की नई एक्स-शोरूम कीमत 5.20 लाख रुपये हो गई है, जो पहले 7.10 लाख रुपये थी। हालांकि, इस डिस्काउंट के बावजूद बाइक के डिजाइन और मैकेनिक्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह 649सीसी, पैरेलल-ट्विन, लिक्विड-कूल्ड इंजन के साथ आती है, जो 54बीएचपी की पावर और 54 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस, शानदार मिड-रेंज और हाई रिफाइनमेंट लेवल के लिए जाना जाता है। बाइक को मजबूत ट्यूबलर फ्रेम पर बनाया गया है और इसमें अपसाइड-डाउन फ्रंट फोर्क्स और रियर मोनोशॉक सस्पेंशन दिया गया है। सेइमेज्जो 650 स्क्रैम्बलर में 19-इंच का फ्रंट और 17-इंच का रियर ट्यूबलेस वायर-स्पोक व्हील दिया गया है। इसके अन्य फीचर्स में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, फुल-एलईडी लाइटिंग, स्विचेबल डुअल-चैनल एबीएस और 5-इंच का टीएफटी डिस्प्ले शामिल हैं। भारतीय बाजार में इसका सीधा मुकाबला रॉयल एनफील्ड बियर 650 से होगा।

# बैंकों में नकदी संकट! रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची सीडी निर्भरता

नई दिल्ली (ए.)। भारत में नकदी की कमी की समस्या निरंतर बढ़ रही है, जिसके चलते बैंकों ने जमा प्रमाण पत्रिका (सीडी) के माध्यम से धन जुटाने की प्रक्रिया को गति देने के फैसले किए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के



आंकड़ों के मुताबिक, समाप्त पखवाड़े तक सीडी पर बकाया राशि अब उच्च स्तर पर पहुंच गई है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक में एक और कटौती की संभावना है, जिसके कारण उधारी की लागत में गिरावट की संभावना है। इससे बैंकों के बकाया राशि में वृद्धि की पुष्टि हुई है, जो महज एक सप्ताह में ऊपर चढ़ने के बाद भी जारी है। सीडी की हिस्सेदारी बैंकों के कुल जमा का महज 2.3 प्रतिशत है, जो पिछले कुछ सालों में आंकड़े की 8 प्रतिशत से कम है। विशेषज्ञों का कहना है कि रिजर्व बैंक कई अन्य कदम भी उठा सकता है, जिसमें नकदी निकासी की भी गणना हो सकती है। नकदी की कमी के समय में बैंकों ने सीडी के माध्यम से धन जुटाने की प्रक्रिया जारी रखी है, जो इस समस्या का सामना कर रहे उद्यमियों और व्यवसायियों के लिए एक मिसाल साबित हो सकती है। इसके साथ ही रिजर्व बैंक द्वारा जारी की गई नीतियों और कदमों का अध्ययन करने से समझा जा सकता है कि नकदी की कमी को कैसे सुलझाया जा सकता है।

# रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 49 पैसे की गिरावट के साथ ही 87.21 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपये में मजबूती, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 16 पैसे टूटकर 86.88 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार घरेलू बाजारों में तेजी ने हालांकि रुपये की गिरावट को सीमित रखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.83 प्रति डॉलर पर खुला और बाद में 86.88 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 16 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.72 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी की बढ़त के साथ 106.62 पर रहा।

# रुपया 16 पैसे टूटकर 86.88 डॉलर पर खुला

### - रुपया सोमवार को 86.72 पर बंद हुआ था

मुंबई (ए)। अमेरिकी डॉलर में मजबूती, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 16 पैसे टूटकर 86.88 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार घरेलू बाजारों में तेजी ने हालांकि रुपये की गिरावट को सीमित रखा।



अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.83 प्रति डॉलर पर खुला और बाद में 86.88 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 16 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.72 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 106.62 पर रहा।

---

# एसबीआई ने 2055 में अपने शताब्दी वर्ष के लिए नेट जीरो उत्सर्जन लक्ष्य किया निर्धारित

मुंबई (आरएनएस)।। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) अपने शताब्दी वर्ष 2055 तक उत्सर्जन में नेट जीरो होने का लक्ष्य रखा है। एसबीआई के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी ने हाल ही में यह जानकारी दी।

सेट्टी ने यह घोषणा एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 5 कार्यक्रम में की, जिसे उन्होंने 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी कैटेगरी में भाग लेने वाले 10,000 से ज्यादा रनर्स-कम ग्रीन इंडिया एम्बेसडर के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

2018 में अपनी स्थापना के बाद से, एसबीआई ग्रीन मैराथन भारत के मिशन लाइफ = पर्यावरण के लिए जीवन शैली% के प्रति बैंक के ठोस समर्पण का प्रतीक बन गया है। यह बैंक की एक स्थायी भविष्य के लिए इसकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दिखाता है।

इस रोमांचक कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अलग-अलग दौड़ की कैटेगरी में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को 21 किमी की दौड़ में 15,000 रुपये, 10,000 रुपये और 7,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इसी तरह 10 किमी की दौड़ में 10,000 रुपये, 7,000 रुपये और 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।

एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस द्वारा मैराथन के प्रमाणन ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया, जिससे उन्हें मैराथन समुदाय के भीतर वैश्विक मान्यता मिली।

सभी प्रतिभागियों को और अधिक प्रेरित करने के लिए, इस कार्यक्रम में दिग्गज धावक विनोद कुमार शर्मा, बरुन कुमार, विशाक कृष्णस्वामी, आशीष आर्य मौजूद थे।

इसके अलावा, भारतीय नौसेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना की भागीदारी इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण थी।

मुंबई और जयपुर के बाद, एसबीआई ग्रीन मैराथन 2 मार्च को भोपाल और 9 मार्च, 2025 को दिल्ली में समाप्त होगी।

12 शहरों में अपने सीजन 5 की यात्रा के हिस्से के रूप में, एसबीआई ग्रीन मैराथन पहले ही विशाखापत्तनम, लखनऊ, चंडीगढ़, अहमदाबाद, पुणे, गुवाहाटी, भुवनेश्वर और पटना में आयोजित की जा चुकी है।

कंपनी के बयान के अनुसार, एसबीआई ग्रीन मैराथन हरित और अधिक सस्टेनेबल भारत के लिए बैंक की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

एसबीआई संपत्ति, जमा, शाखाओं, ग्राहकों और कर्मचारियों के मामले में देश का सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक है।यह देश का सबसे बड़ा बंधक ऋणदाता भी है, जिसने अब तक 30 लाख से अधिक भारतीय परिवारों के घर खरीदने के सपने को पूरा किया है।बैंक का होम लोन पोर्टफोलियो 6.93 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। दिसंबर 2023 तक बैंक के पास 47.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक का जमा आधार है, जिसका सीएएसए अनुपात 41.18 प्रतिशत है और 35.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक का एडवांस है।

## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

### धन मुहैया कराने की आंकड़ेबाजी तो बस रवायत है

उप्र की योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आठ लाख करोड़ का सबसे बड़ा बजट पेश किया। इसकी खासियत इंफ्रास्ट्रक्चर, गरीब, युवा, किसान, महिलाएं, धार्मिक पर्यटन रहा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने पर्यटन स्थलों के लिए 400 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए। अयोध्या व मथुरा के लिए क्रमशः 150-125 करोड़ रुपये तथा नैमीषारण्य के लिए सौ करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है। मलिन बस्तियों के विकास के लिए 400 करोड़ व अर्बन फलड स्टार्म वाटर ड्रेनेज योजना को हजार करोड़, स्मार्ट सिटी योजना को 450 करोड़, बेसहारा पशुओं के आश्रय के लिए 450 करोड़ रुपये का ऐलान किया।

देश के अन्य राज्यों की खुद के कर प्राप्तियों में उप्र का अंश 2024-25 में 11.6त्न रहा, जो महाराष्ट्र के बाद सर्वाधिक है। चूंकि जनवरी 24 से दिसम्बर 24 के दरम्यान राज्य में 65 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए। जिनमें विदेशी पर्यटकों की संख्या 14 लाख बताई जा रही है। इसी माह केवल महाकुंभ के दौरान प्रयागराज आने वालों की संख्या 54 करोड़ आंकी जा रही है। इस सबसे सरकार को होने प्राप्त वाले जीएसटी, राजस्व व अन्य करों का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

मंदिरों को चढने वाले चढ़ावे में राम मंदिर तीसरे स्थान पर आ चुका है। ऊर्जा, लिंक-एक्सप्रेस-वे, सड़कों व पुलों के निर्माण के लिए बजट में विशेष प्रावधान करने के पीछे सरकार की मंशा आम नागरिक को प्रभावित करने की भी है। हालांकि कृत्रिम मेधा व साइबर सुरक्षा को 5 व 3 करोड़ रुपये देने के ऐलान ने स्पष्ट किया कि सरकार कुछ मामलों में सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। इन आठ सालों में सड़कों की स्थिति बेहतर हुई है, मगर सरकार के पास वाहनों के लगातार बढ़ते दबाव व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की कोई स्कीम नहीं है।

सड़कों, एक्सप्रेस-वे, पुलों व मेट्रो के निर्माण के चलते शहरों/महानगरों की व्यवस्था चरमरा जाती है। शिक्षा-व्यवस्था, छात्रों व बेरोजगारों के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए सरकार को बेहतर कदम उठाने होंगे। हर सेक्टर को धन मुहैया कराने की आंकड़ेबाजी तो बस रवायत है। इसका असर निचले स्तर पर व्यावहारिक तौर पर नजर भी आना जरूरी है।



अभिनेत्री रवीना टंडन अपनी बेटी राशा थडानी और परिवार के साथ, प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 में परमार्थ निकेतन शिविर में पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती से मिलीं।

# राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के प्रतीक हैं देवाधिदेव शिव

**योगेश कुमार गोयल**

***भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति व्यक्त करने का विशेष अवसर है महाशिवरात्रि, जो भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का दिन माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूरी होती हैं और महाशिवरात्रि का व्रत रखने से पापों का नाश होता है, मानसिक शांति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व इस वर्ष 26 फरवरी को मनाया जा रहा है।***



(महाशिवरात्रि पर विशेष)

महाशिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है, जो सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि का बहुत महत्व है। यह आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने का सुअवसर है। महाशिवरात्रि को शिव तत्व को आत्मसात करने, नकारात्मक ऊर्जाओं को समाप्त करने और आध्यात्मिक उत्थान प्राप्त करने का सबसे उत्तम अवसर माना जाता है।महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। इस दिन शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, भांग एवं शहद अर्पित करने से विशेष फल प्राप्त होता है। मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है। इस रात्रि को जागरण करने वाले भक्तों को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिवपुराण के अनुसार, इस दिन विधिपूर्वक व्रत रखने और रात्रि जागरण करने से समस्त पापों का नाश होता है और भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में कहा गया है कि महाशिवरात्रि की रात्रि में चार प्रहर की पूजा का विशेष महत्व है, जिसमें हर प्रहर में शिवलिंग का अलग-अलग द्रव्यों से अभिषेक किया जाता है, पहले प्रहर में जल, दूसरे प्रहर में दही, तीसरे प्रहर में घी और चौथे प्रहर में शहद से अभिषेक करने का विधान है।

धर्मग्रंथों में भगवान शिव को 'कालों का काल' और 'देवों का देव' अर्थात् 'महादेव' कहा गया है। एक होते हुए भी शिव के नटराज, पशुपति, हरिहर, त्रिमूर्ति, मृत्युंजय, अर्द्धनारीश्वर, महाकाल, भोलेनाथ, विश्वनाथ, ओंकार, शिवलिंग, बटुक, क्षेत्रपाल, शरभ इत्यादि अनेक रूप हैं। देवाधिदेव भगवान शिव के समस्त भारत में जितने मंदिर अथवा तीर्थ स्थान हैं, उतने अन्य किसी देवी-देवता के नहीं। आज भी समूचे देश में उनकी पूजा-उपासना व्यापक स्तर पर होती है। सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा। हालांकि बहुत से लोगों के मस्तिष्क में यह सवाल उमड़ता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरूषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है? इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराईयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है, ''जिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणासागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। महासमुद्र रूपी शिव ही एक अखंड परम तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त-अव्यक्त रूप से 'सगुण ईश्वर' और 'निर्गुण ब्रह्म' कहे जाते हैं तथा यही परमात्मा, जगत आत्मा, शम्भव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, रूद्र आदि कई नामों से संबोधित किए जाते हैं।''

शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे 'नीलकंठ' के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव 'चन्द्रशेखर' भी कहलाए। धार्मिक ग्रंथों में भगवान शिव के बारे में उल्लेख मिलता है कि तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है, गले में सर्पों का हार शोभायमान रहता है, कंठ में विष है, जटाओं में जगत तारिणी गंगा मैया हैं और माथे में प्रलयंकर ज्वाला है।

# ट्रंप प्रशासन की नये कार्यकाल की शुरुआत

**डॉ. दिलीप चौबे**

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल को अभी केवल एक महीना हुआ है, लेकिन इसी अवधि में लगता है कि दुनिया में बहुत कुछ बदल गया है। इस नये कार्यकाल की शुरुआत में ट्रंप प्रशासन ने जो फैसले किए हैं उससे अमेरिका की घरेलू राजनीति और अंतरराष्ट्रीय राजनीति का नक्शा बदल रहा है। सब कुछ इतनी तेज रफ्तार से हो रहा है कि अमेरिका के मित्र और सहयोगी देश सकते में हैं। विरोधी देश भी आशंका के साथ ट्रंप के अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं।

पहले कार्यकाल की तुलना में इस बार ट्रंप के पास एक मजबूत कैबिनेट या टीम है। उन्होंने जिन लोगों को सहयोगी के रूप में चुना है उन्हें लेकर काफी विवाद की स्थिति रही। पहले यह लग रहा था कि राष्ट्रीय खुफिया प्रमुख के रूप में तुलसी गबार्ड और संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के प्रमुख के रूप में काश पटेल की नियुक्ति को सीनेट खारिज कर सकती है। इन सारे विरोध के बावजूद इन दोनों व्यक्तियों की नियुक्ति पर सीनेट की मुहर लग गई। यह कहा जा सकता है कि ट्रंप की विदेश नीति के निर्धारण में तुलसी गबार्ड की भूमिका महत्त्वपूर्ण होगी। तुलसी बार-बार यह कह चुकी हैं कि ट्रंप शांति के पक्षधर राष्ट्रपति होंगे। वह नया युद्ध शुरू करने के बजाय मौजूद संघर्ष को समाप्त करने के लिए निर्णायक पहल करेंगे। यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका रूस के बीच वार्ता भी इसी लक्ष्य से प्रेरित है। इस संदर्भ में ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को लेकर जैसा उपहास किया हुआ वह उनकी चिर-परिचित शैली के अनुरूप है। लेकिन यह निश्चित है कि शुरु आती दौर में ही ट्रंप ने अपनी विदेश नीति के रूपरेखा तय कर दी है।

यदि यह जारी रही तो दुनिया पहले की तुलना में अधिक शांतिपूर्ण और स्थिरता वाली होगी। आश्चर्यजनक रूप से ट्रंप चीन के खिलाफ भी संयत रवैया अपनाए हुए हैं। अमेरिका में शक्तिशाली से सैन्य उद्योग और हथियारों के कारोबारी ट्रंप की नीतियों के संदर्भ में अपने नफा-नुकसान का लेखा-जोखा ले रहे हैं। वे ट्रंप को अपना रास्ता बदलने के लिए बाध्य कर सकेंगे या नहीं यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। घरेलू मोर्चे पर हालात दुरुस्त करने की जिम्मेदारी काश पटेल पर है। उन्हें डोनाल्ड ट्रंप का बाहुबली माना जाता है। उनकी तुलना अभी से एफबीआई के 'सर्वशक्तिमान' प्रमुख एडगर हूबर से की जा रही है। हूबर करीब 50 वर्षों तक खुफिया एजेंसी के प्रमुख रहे थे। उनके कार्यकाल के दौरान 6 राष्ट्रपति आए और गए। हूबर इतने शक्तिशाली थे कि राष्ट्रपति भी उनसे खौफ खाते थे। काश जैसे कम उम्र और कम अनुभवी व्यक्ति की तुलना हूबर से किया जाना बहुत कुछ बयां करता है। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ही नहीं बल्कि रिपब्लिकन पार्टी के असंतुष्ट नेता भी काश पटेल से भयभीत हैं। इतना ही नहीं सीएनएन और वाशिंगटन पोस्ट जैसे मीडिया संस्थानों के नामी-गिरामी पत्रकार भी चिंतित हैं। काश पटेल पहले ही यह ऐलान कर चुके हैं कि ट्रंप के खिलाफ दुष्प्रचार करने वाले मीडिया संस्थानों और पत्रकारों की खबर ली जाएगी। लेकिन भारत के लिए काश की नियुक्ति एक अच्छी बात है। जेहादी और खालिस्तान समर्थक अमेरिका को सुरक्षित पनाहगाह के रूप में इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे आतंकवादियों को नया ठिकाना ढूंढना होगा।

भारत की घरेलू राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप के संबंध में ट्रंप के हालिया बयानों को लेकर राजनीतिक भूचाल सा आ गया है। एलन मस्क की अगवाई वाले सरकार दक्षता विभाग (डीओजीई) ने भारत की चुनाव प्रक्रिया में दखलअंदाजी करने के लिए करीब 180 करोड रु पये का आवंटन किए जाने का खुलासा किया है। ट्रंप ने यह चौंकाने वाला बयान दिया कि यह धनराशि मोदी के बजाय किसी अन्य व्यक्ति को चुनाव जिताने के लिए थी। ट्रंप के इस बयान का प्रतिवाद करने के लिए अमेरिका की मीडिया में रिपोर्ट प्रकाशित की जा रही हैं। लेकिन ट्रंप बार-बार अपने इस बयान को दोहरा रहे हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि बांग्लादेश की राजनीति को प्रभावित करने के लिए करीब 3 करोड़ डॉलर निर्धारित किए गए। बांग्लादेश में क्या हुआ यह दुनिया के सामने है। विदेशी पैसे के बलबूते तीसरी दुनिया के देशों में अमेरिका ऐसा खेल खेलता रहा है। लगता है ट्रंप टीम इस पर विराम लगाना चाहती है।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे, आपको काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आज किसी भी व्यक्ति के लिए प्रतिशोध की भावना न रखें।

वृष राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारियां दी हुई हैं उसे आप आसानी से निभा लेंगे। इस राशि के जो लोग फर्नीचर का व्यापार कर रहे है, उन्हें उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा।

मिथुन राशि : कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में आज आपको शांत मन से सोचने की जरूरत है, परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। आज भाई अपने काम में आपकी मदद मांगेंगे। समाज में आज आप अपने बढ़िया कार्यों के कारण पहचाने जाएंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहें छात्रों को सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य समस्याओं के कारण थोड़ी उलझने हो सकती, लेकिन जल्द ही सब ठीक होगा।

कर्क राशि : आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे, जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। कुछ विरोधी आपके काम में समस्याएं डालने की कोशिश कर सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति आपको अपना स्वभाव सुधारना होगा। किसी को उधार देने से पहले सोच-विचार करना अच्छा रहेगा।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है, इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको पैसों की जरूरत पड़ सकती है। आज आपको बेवजह की उलझने लेने से बचने की जरूरत है। सामाजिक तौर पर आप बहुत सक्रिय रहेंगे। आपकी किसी नए काम को करने की इच्छा पूरी हो सकती है।

कन्या राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यापार की गति थोड़ी धीमी होने से उलझन होगी, लेकिन बाद में अच्छा लाभ मिलने से उनकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आप आज किसी से अपने मन की बातों को शेयर करेंगे और वह आपकी बातों को अहमियत देगा।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे। जीवन में संतुलन बनाए रखने की कोशिश करेंगे। आज किसी कामों को सही तरीके से पूरा करने की कोशिश करें। आपको अपने पद और आय को एक समान या बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन में खुशियों की प्राप्ति होगी।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। लोगों की नजरों में आपकी पॉजिटिव इमेज बनेगी। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपको समझ नहीं आएगा कि किसे पहले करें और किसे बाद में। कंप्यूटर के स्टूडेंट्स को कुछ अच्छा सीखने का मौका मिलेगा।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं, जहां आप तोल मोलकर बोले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी योजनाएं बनाएंगे, जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। पारिवारिक समस्याओं को सॉल्व करने में बड़े-बुजुर्गों का सहयोग प्राप्त होगा। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को आज बड़ा मुनाफा होगा। पिता से आज आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज ऐसी पुरानी चीज आपके हाथ लग सकती है, जिसे पा कर आपको खुशी महसूस होगी।

कुंभ राशि: आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगे। लवमेट आज साथ में समय बिताएंगे। रुका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। आज आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी। आप सफलता की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ जाएंगे।

मीन राशि : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिए आपको ओवर टाइम करना पड़ेगा। रुपए- पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जाएंगे। टूर-एंड-ट्रेवल्स संबंधी कार्यों में अच्छा लाभ होगा। आज आपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। माता आज अपने बच्चों को कुछ मीठा बना के खिला सकती हैं।

# नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान

**शकील अख़्तर**

प्रधानमंत्री मोदी कहते थे कि 2014 से पहले भारत में जन्म लेना शर्म की बात थी। अर्थात दुनिया में जो सम्मान मिला है वह 2014 के बाद ही मिला है। और देख लीजिए क्या सम्मान मिला है? रोजगार की तलाश में गए युवा भारतीय जघन्य अपराधियों की तरह हथकड़ी-बेडी में जकड़ कर लाए जा रहे हैं ़ि सिखों के पाग और उतरवा दिए। और फिर गुरु दक्षिणा में वह वीडियो बनाकर पूरी दुनिया में और प्रसारित कर दिए कि देखो भारतीयों को कैसे जन्जीरों से जकड़ा जा रहा है।

अमेरिका केवल हथकड़ी-बेड़ी डालकर ही भारतीयों को वापस नहीं भेज रहा है बल्कि किस तरह उन्हें बांधा जा रहा है इसके वीडियो भी प्रसारित कर रहा है। और वह भी प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका जाने के बाद। और राष्ट्रपति ट्रंप से मिलकर उनके गदगद होने के बाद!

क्या फर्क पड़ता है? आज कुछ भी हो जाए न मोदी सरकार को फर्क पड़ता है और न शायद जनता को। एक से एक बड़ी घटनाएं हो गईं। मगर जनता उनसे विरक्त है। नफरत के नशे के बारे में बहुत सुना था मगर वह इतना जहरीला है कि पूरे देश की सोच समझ की ताकत को खत्म कर सकता है, देश को पूरा डुबोने की तैयारी कर सकता है, यह कभी नहीं सोचा था।

हिटलर के फैलाए यहूदियों के खिलाफ नफरत के बारे में यह लगता है कि उसे 75 - 80 साल हो गए। उसके दुष्परिणाम भी दुनिया ने देख लिए। जर्मनी के दो टुकड़े हो गए। हिटलर खुद सबसे बड़ा घृणा का पात्र हो गया। खुद को गोली मारना पड़ी इन सब के बाद लगता था कि इस नफरत की विचारधारा को कोई नहीं अपनाएगा। खुद अपने और अपने देश के विनाश के रास्ते पर कोई नहीं चलेगा मगर आप सोच सकते हैं, जो हो रहा है लिख सकते हैं लेकिन किसी को रोक नहीं सकते!

एक राहुल गांधी यह कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सही तरीके से समय रहते इस नफरत को पहचाना। यह भी समझा कि यह कोई एक छोटा मोटा अलग थलग को मामला नहीं है। पूरा बाजार बना डाला है। इसीलिए उन्होंने नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान की बात कही। वे अकेले इस नफरत से लड़ रहे हैं। पढ़े लिखे हैं। दुनिया देखते हैं उन्हें मालूम है कि भारत इस नफरत से विश्व गुरु बनना तो दूर अपना सामान्य विकास भी नहीं कर पाएगा।

विश्व गुरु किसे चाहिए? क्या अन्तरराष्ट्रीय जगत में यह मांग कभी सुनी कि हम बिना गुरु के हैं। अन्धकार में है। कोई आकर ज्ञान दे। निकाले हमें अज्ञान से। सारा साइंस टेक्नोलाजी उनके पास। नेहरू के समय भारत में इस क्षेत्र में जो शुरूआत हुई थी वह अंधविश्वासों को बढ़ावा देकर खत्म कर दी। पैसा, उद्योग धंधे उनके पास। हमारे यहां यह सब भी खत्म कर दिया। निर्माण के बदले असेम्बलिंग ( जैसे अखबार के लिफाफे बनाने का काम होता था) का काम होने लगा। बेरोजगार ही बेरोजगार पैदा कर दिए। वही रोजगार की तलाश में अमेरिका गए थे। और अमेरिका क्या? रूस, युक्रेन, इजराइल में भाड़े के सैनिक तक बनकर गए।

तो अमेरिका कोई चोरी डकैती करने नहीं गए। रोजगार की तलाश में गए थे। और वहां से वापसी? तीन जहाज आ गए। जब पहला आया तो संसद चल रही थी। विदेश मंत्री ने कहा कि हम सुनिश्चित करेंगे कि हथकड़ी बेड़ी डालकर नहीं भेजा जाए। मिलिट्री जहाज से नहीं। उसके बाद प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा भी हो गई। गोदी मीडिया बड़ा उत्साहित हो गया। ट्रंप ने यह कहा उनकी शान में वह किया। बन गए विश्व गुरु। जल गया विपक्ष। छा गए मोदी। पता नहीं क्या क्या टीवी में बोला और अखबारों में लिखा।

मगर हुआ क्या उसके बाद दो जहाज और आ गए। हथकड़ी बेड़ीं तो थी हीं। सिखों के पाग और उतरवा दिए। और फिर गुरु दक्षिणा में वह वीडियो बनाकर पूरी दुनिया में और प्रसारित कर दिए कि देखो भारतीयों को कैसे जन्जीरों से जकड़ा जा रहा है।

सत्तर साल में क्या हुआ? यह राग है जो प्रधानमंत्री मोदी से लेकर मीडिया तक हर वक्त बजता रहता है। सत्तर साल में कुछ नहीं हुआ! कांग्रेसी जवाब देने में कमजोर। केवल अपने निजी फायदे की बात में ही उनका दिमाग और जबान चलती है। अभी दस साल यूपीए की सरकार में मंत्री रहे। उससे पहले रहे।

संगठन में सभी उच्च पदों पर कब्जा जमा कर बैठे रहे। मगर कभी सामने नहीं आते। नहीं बताते कि सत्तर साल में भारत ने कितनी तरक्की की। उनके इस चुप रहने से ही प्रधानमंत्री मोदी की यह हिम्मत हुई कि उन्होंने कह दिया कि 2014 से पहले भारत में जन्म लेना शर्म की बात थी। दुनिया में जो सम्मान मिला है वह 2014 के बाद ही मिला है।

देख लीजिए कि कितना सम्मान मिला है। रोजगार की तलाश में गए युवा जघन्य अपराधियों की तरह हथकड़ी बेडी में जकड़कर लाए जा रहे हैं। कोई यह कहने को तैयार नहीं है कि सत्तर साल में कम से कम यह तो नहीं हुआ। भारत की विदेश सेवा के कुछ रिटायर अधिकारियों ने यह हिम्मत की। उन्होंने कहा कि न अपनी विदेश सेवा का नौकरी में देखा, न उससे पहले के बारे में कभी पढ़ा सुना और ने रिटायर होने के बाद देखा। यह पहला मौका है जब भारतियों को इस तरह बांध कर लाया गया हो।

सत्तर साल में पहली बार! मगर इससे क्या? सत्तर साल में पहली बार ऐसे ही कई कारनामे हो चुके हैं। चीन आकर हमारी धरती पर 20 सैनिकों को शहीद करके वहीं बैठ जाता है। और प्रधानमंत्री कहते हैं न कोई घुसा है न कोई है। हजारों किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लेता है। सेना कहती है। मगर सरकार कहती है नहीं। कितनी ही घटनाएं हैं। नोटबंदी मारे गए परेशान लोगों की। कोई जवाब है? क्यों बंद किया था हजार का नोट और दो हजार का चलाया। और फिर उसे क्यों बंद किया?

क्यों लाए गए काले किसान कानून? कितने किसान मरे। फिर वापस लिया। किसानों को खालिस्तानी, आतंकवादी, मवाली तक कहा। सत्तर साल में पहली बार। अचानक लाक डाउन करके हजारों किलोमीटर मजदूरों को पैदल दौड़ाया गया। सत्तर साल में पहली बार। पुलवामा में 50 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी मरे। कैसे? आज तक किसी को नहीं पता। यह सब सत्तर साल में पहली बार हुआ है।

मगर कोई कहने वाला नहीं। और ज्यादा सही यह है कि कोई कहे तो भी सुनने वाला कोई नहीं। गोदी मीडिया हर चीज का बचाव करती है। जनता को ही दोषी करार देती है। अभी दिल्ली रेल्वे स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद आरपीएफ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अचानक प्लेटफार्म बदलने के कारण भगदड़ मची। और ये मौतें हुईं। मगर रेल मंत्रालय ने तत्काल इस रिपोर्ट का खारिज कर दिया।

अपनी कोई गलती मानने का सवाल ही नहीं। जनता की गलती थी। ऐसे ही प्रयागराज कुंभ में हुई भगदड़ के लिए अभी तक कोई जिम्मेदारी तय नहीं हुई। उस पर भी विपक्ष पर निशाना साधा जा रहा है। जनता तो दोषी है ही। आज तक मरने वालों के सही आंकड़े नहीं बताए गए। बल्कि विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी उर्दू और मौलवी का विषय ले आए। कठमुल्ला कह रहे हैं।





## लालू, तेजस्वी और बाकी नामजद आरोपियों को समन जारी, लैंड फॉर जॉब केस में 11 मार्च को पेश होने के आदेश

नई दिल्ली (आरएनएस)। नौकरी के बदले जमीन मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से लालू यादव को झटका लगा है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी और अन्य आरोपियों को तलब किया है। सभी को 11 मार्च को पेश होने का आदेश दिया गया है। स्पेशल सीबीआई जज विशाल गोगने ने केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दायर आरोपपत्रों पर संज्ञान लेने के बाद आदेश पारित किया।

सीबीआई ने मामले में 30 सरकारी कर्मचारियों सहित कुल 78 लोगों को नामजद किया है। इसमें भोला यादव, प्रेम चंद गुप्ता को तलब किया गया है। कोर्ट ने कहा कि आरोप है कि प्रेम चंद गुप्ता, लालू यादव के सहयोगी के तौर पर काम करते थे।

यह मामला पश्चिम-मध्य रेलवे के जबलपुर जोन में साल 2004 से 2009 के बीच ग्रुप-डी पदों पर हुई नियुक्तियों से जुड़ा है। आरोप है कि लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान उम्मीदवारों से उनके परिवार या सहयोगियों के नाम पर जमीन हस्तांतरित करवाई गई थी और इसके बदले में उन्हें रेलवे में नौकरियां दी गईं।

## खौफनाक : विदेश से लौटे शख्स ने परिवार के पांच लोगों और गर्लफ्रेंड को उतारा मौत के घाट, ऐसे हुआ खुलासा

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। केरल की राजधानी में एक सनसनीखेज घटना सामने आई। यहां एक युवक ने अपने परिवार के पांच सदस्यों और गर्लफ्रेंड को मौत के घाट उतार दिया। युवक ने वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस के सामने आत्मसमर्पण भी कर दिया। अफान ने स्वीकार किया कि उसने अपनी दादी सलमाबीबी, 13 वर्षीय छोटे भाई अफसान, पिता के भाई लतीफ, लतीफ की पत्नी शाहिदा, और अपनी गर्लफ्रेंड फरजाना की हत्या कर दी।

पुलिस जांच में यह पाया गया कि तीन घरों में छह पीड़ित खून से लथपथ मिले। अफान के दावे के अनुसार, उसकी मां शेमी को छोड़कर सभी पीड़ित मौके पर ही दम तोड़ गए थे। अफान की मां की हालत गंभीर बताई जा रही है। उनका वर्तमान इलाज तिरुवनंतपुरम के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

आरोपी ने खुलासा किया कि हत्या के बाद उसने खुद जहर का सेवन कर लिया था। अफान हाल ही में अपने पिता के साथ विदेश से विजिटिंग वीजा पर लौटा था, जबकि उसकी मां कैंसर के इलाज से जूझ रही थीं। पुलिस हत्या के पीछे के कारणों की तह तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

## दिल्ली विधानसभा सत्र : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शराब नीति 2024 पर कैग रिपोर्ट पेश की

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आबकारी नीति 2024 पर कैग रिपोर्ट पेश की। एलजी के अभिभाषण के बाद सदन में शराब नीति पर कैग रिपोर्ट पेश हुई। दिल्ली सरकार की ओर से कैग की सभी 14 पेंडिंग रिपोर्ट पेश की गई । रिपोर्ट में बताया गया है कि आम आदमी पार्टी सरकार की गलत शराब नीति से दिल्ली को 2026 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

नई दिल्ली में राजनीतिक उठा-पटक लगातार जारी है। दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को सदन के दूसरे दिन दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण के दौरान आम आदमी पार्टी के विधायकों ने जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया और बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह की फोटो को कई दफ्तरों से हटाए जाने का विरोध किया।

इसके बाद आतिशी समेत करीब 14 विधायकों को पूरे दिन के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया है और सभी निलंबित विधायक दिल्ली विधानसभा के बाहर आकर धरने पर बैठ गए हैं। आम आदमी पार्टी के विधायक हाथों में बाबासाहेब की फोटो लेकर बैठे हुए हैं और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।


## सास के साथ महाकुंभ में कैटरीना ने लगाई डुबकी, धार्मिक अनुष्ठानों में लिया भाग

मुंबई (आरएनएस)। महाकुंभ अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है और इस भव्य पर्व के केवल दो दिन शेष हैं। साल 2025 के इस महापर्व में दुनियाभर से लाखों श्रद्धालु पहुंचे और इसके दिव्य अनुभव का आनंद लिया। 144 वर्षों में एक बार आयोजित होने वाले इस दुर्लभ महाकुंभ में बॉलीवुड सितारों की भी भारी मौजूदगी देखने को मिली। देशी और विदेशी सितारे इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए और आस्था की पावन डुबकी लगाई। सोमवार को अक्षय कुमार के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ भी महाकुंभ का अनुभव लेने पहुंचीं। इस दौरान उनकी सास भी उनके साथ थीं। कैटरीना ने यहां पहुंचने के बाद विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया और अपने अनुभव को साझा किया। कैटरीना कैफ ने प्रयागराज में अपनी आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत की और परमार्थ निकेतन आश्रम में स्वामी चिदानंद सरस्वती से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया।

# महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ मंदिर में वीआईपी दर्शन बंद, भोलेनाथ के भक्तों के लिए विशेष नियम लागू

वाराणसी (आरएनएस)। काशी विश्वनाथ मंदिर में 25 से 27 फरवरी तक वीआईपी दर्शन की सुविधा नहीं मिलेगी। मंदिर प्रशासन ने महाशिवरात्रि पर भक्तों की भारी भीड़ की आशंका के चलते ये फैसला लिया है। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दी। लिखा, महाशिवरात्रि पर मंगलवार से तीन दिनों तक प्रोटोकॉल दर्शन व्यवस्था पर पूरी तरह से रोक रहेगी। मंदिर न्यास के अधिकारियों ने महाशिवरात्रि के लिए बनाई गई व्यवस्था में सहयोग की काशीवासियों से अपील की है। काशीवासियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर न्यास की व्यवस्था में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

दरअसल, पारंपरिक रूप से पर्व या किसी विशेष तिथि पर काशी विश्वनाथ धाम में पांच से छह लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते थे, लेकिन महाकुंभ शुरू होने के बाद से प्रतिदिन सात लाख या उससे अधिक भक्त मंदिर में दर्शन करने आते हैं। इस अवसर पर 26 फरवरी को श्रद्धालुओं की



संख्या 14 से 15 लाख के बीच हो सकती है, जिससे भीड़ प्रबंधन में कई चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं।

मंदिर प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंदिर प्रशासन ने भक्तों से अपील की है कि वे अपनी सुविधानुसार समय लेकर दर्शन करें, क्योंकि कतार में विलंब हो सकता है। साथ ही, सलाह दी गई है कि पेन, कंघा, मोबाइल, बेल्ट, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, चाबी आदि सामान घर या होटल में छोड़कर आएं ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की अड़चन न आए।

महाशिवरात्रि के दिन, भक्तों को केवल झांकी दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। सुरक्षा प्रबंध में कड़ी इंतजाम किए गए हैं जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

विशेष व्यवस्था के तहत वृद्धजनों और दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर की सुविधा रखी गई है। गोदौलिया और मैदागिन से गोल्फ कार्ट या ई-रिक्शा द्वारा भी भक्त बाबा दरबार तक पहुंच सकते हैं। इसके अलावा, मंदिर के कर्मचारियों की सहायता से वृद्धजनों का जल्दी दर्शन कराकर उन्हें धाम क्षेत्र से बाहर निकालने का भी प्रबंध किया गया है।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद नई दिल्ली के सिविक सेंटर में एमसीडी सदन की बैठक के दौरान नारेबाजी करते हुए।

## महाशिवरात्रि स्नान पर्व के लिए मेला क्षेत्र और प्रयागराज शहर में नो-व्हीकल जोन प्लान लागू

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। प्रयागराज की पावन धरती पर चल रहे महाकुंभ 2025 का समापन अब बेहद करीब है। भक्ति, आस्था और श्रद्धा के इस महासंगम को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए मेला पुलिस प्रबंधन ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व में भीड़ प्रबंधन को लेकर 25 फरवरी से मेला क्षेत्र और प्रयागराज में नो-व्हीकल जोन लागू कर दिया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को स्नान और दर्शन का अवसर निर्बाध रूप से मिल सके।

मेला पुलिस के अनुसार 25 फरवरी 2025 को मेला क्षेत्र को अपराह्न 4:00 बजे से नो-व्हीकल जोन घोषित किया गया है, जबकि प्रयागराज कमिश्नरेट को सायंकाल 6:00 बजे से नो-व्हीकल जोन बनाया जाएगा। सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे इस व्यवस्था का सम्मान करते हुए पूरा सहयोग करें। भीड़ प्रबंधन को सुचारू रखने के लिए सभी श्रद्धालुओं




से निवेदन किया गया है कि वे अपने प्रवेश के सबसे निकटस्थ घाट पर ही स्नान करें, ताकि सभी को सुगमता और सुरक्षा मिल सके।

दक्षिणी झूसी : यहां से आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार ऐरावत घाट पर स्नान कर सकेंगे।

उत्तरी झूसी : यहां से आने वाले श्रद्धालु संगम हरिश्चंद्र घाट और संगम ओल्ड जीटी घाट पर स्नान करेंगे।

## सुबह-सुबह कांपी धरती : कोलकाता, रांची सहित कई शहरों में भूकंप के झटके, 5.1 रही तीव्रता; मचा हड़कंप




कोलकात (आरएनएस)। कोलकाता में मंगलवार की सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र बंगाल की खाड़ी और 91 किलोमीटर गहराई में था। कोलकाता के पास भूकंप की पुष्टि नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने की है। भूकंप के झटकों से लोगों में थोड़ी देर के लिए दहशत फैल गई। गनीमत रही कि किसी के भी क्षति या हताहत की तत्काल कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है।वहीं झारखंड की राजधानी रांची में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसके अलावा ओडिशा में सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर कुछ जिलों पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। के झटके विशेष रूप से राज्य की राजधानी भुवनेश्वर, पुरी, पारादीप, बारीपदा, संबलपुर, अनुगुल, केंद्रापड़ा, जगतसिंहपुर और बालेश्वर में महसूस किए गए।इससे पहले, रविवार को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि जिले के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए, हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

मौसम विभाग के अनुसार, भूकंप सुबह 8 बजकर 42 मिनट पर आया और इसकी तीव्रता 3.7 थी। इसका केंद्र मंडी क्षेत्र में 31.48 डिग्री अक्षांश और 76.95 डिग्री देशांतर पर था। सुंदरनगर क्षेत्र में किआर्गी के पास भूकंप 7 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। मंडी जिला भूकंपीय क्षेत्र 5 में आता है, जो कि उच्च जोखिम वाला क्षेत्र है।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर भीषण सड़क हादसा, पिता और बेटा-बेटी की मौत

उन्नाव(आरएनएस)। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां बस और कार के बीच हुई टक्कर में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे के बांगरमऊ में माइलस्टोन 229 के पास हुआ। बताया जा रहा है कि महाकुंभ से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस की एक कार से आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार मासूम भाई-बहन समेत पिता की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है।

इसके अलावा ट्रैवलर बस सवार करीब 26 श्रद्धालु भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।पता चला है कि मृतक व्यक्ति सचिवालय में दीवान के पद पर कार्यरत था। कार सवार परिवार लखनऊ से कन्नौज जा रहा था, तभी उसकी कार डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही बस से टकरा गई थी। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रैवलर बस की कार से टक्कर हो गई।वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इसके साथ ही घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

बांगरमऊ सर्किल ऑफिसर अरविंद चौरसिया ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार सुबह साढ़े 5 बजे सूचना मिली थी कि ट्रैवलर बस और कार की टक्कर हुई है। मौके पर जाकर पता चला कि कार डिवाइडर को पार करके ट्रैवलर बस के सामने आ गई थी। ट्रैवलर के चालक ने कार को बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन स्पीड होने के कारण हादसा हो गया।उन्होंने कहा, कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई है, जिनमें मृतक राघवेंद्र और उनका पांच वर्षीय तथा एक वर्षीय बच्चा शामिल है। राघवेंद्र सचिवालय में दीवान के पद पर कार्यरत थे। इस हादसे में घायल हुईं उनकी पत्नी की हालत गंभीर है। साथ ही ट्रैवलर बस में सवार लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# सीडी कांड का मुद्दा फिर सदन में गूंजा

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन गृह निर्माण सहकारी समितियों के बायलॉज में संशोधन का मामला उठा. भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा कि सहकारी सोसायटी आज भी एनओसी के लिए भटक रही हैं. बिना पैसे लिए एनओसी नहीं दिया जाता. मंत्री केदार कश्यप आश्वस्त किया कि किसी भी तरह की शिकायत एनओसी को लेकर नहीं आएगी.बता दें कि कोर्ट ने सीडी कांड मामले में सभी आरोपियों को समन जारी किया था. न्यायाधीश भूपेश कुमार बसंत के रायपुर कोर्ट में हाजरी देने के बाद भूपेश बघेल विधानसभा के लिए रवाना हो गए. वहीं विनोद वर्मा, कैलाश मुरारका समेत अन्य आरोपी कोर्ट में मौजूद रहे. बता दें कि इस केस के एक आरोपी रिंकू खनूजा की मौत हो चुकी है. बचाव पक्ष के वकील फैसल रिजवी ने बताया, कैलाश मुरारका सहित अन्य को कोर्ट में पेश किया गया. मामले में अब 4 मार्च को बहस होगी. सीबीआई ने बताया है कि 2017 बॉम्बे के मानस नाम ने सीडी को जारी किया है. उससे पैसे का लेन-देन हुआ है.बता दें कि पिछले करीब 7 साल से सीडी कांड की सुनवाई रुकी थी. सीबीआई ने राज्य में 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद केस दिल्ली ट्रांसफर के लिए अर्जी लगाई थी, क्योंकि उसमें तत्कालीन सरकार के प्रभावशाली लोगों के नाम भी थे. सीबीआई की अर्जी दिल्ली की कोर्ट में विचाराधीन रही।

## कांग्रेस पर भड़कीं प्रीति जिंटा, फेक न्यूज को बढ़ावा देने का लगाया आरोप, बोलीं- 'आपको शर्म आनी चाहिए'



मुंबई , (आरएनएस)। अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें वह 10 साल पहले लिए लोन का जिक्र करते हुए कांग्रेस पार्टी पर भड़कती और फेक न्यूज को बढ़ावा देने का आरोप लगाती नजर आईं। उन्होंने पार्टी से कहा कि उन्हें इस कृत्य के लिए शर्म आनी चाहिए।एक्स हैंडल केरल कांग्रेस ने एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें लिखा था, उन्होंने (प्रीति जिंटा) अपने सोशल मीडिया अकाउंट भाजपा को दे दिए और 18 करोड़ रुपये माफ करवा लिए। पिछले हफ्ते बैंक को नुकसान हुआ और अब जमाकर्ता अपने पैसों के लिए सड़क पर आ गए हैं। केरल कांग्रेस की पोस्ट को री-पोस्ट करते हुए प्रीति जिंटा ने कांग्रेस को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने लिखा, नहीं, मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट खुद ही चलाती हूं और आपको फेक न्यूज को बढ़ावा देने के लिए शर्म आनी चाहिए! किसी ने मेरे लिए कुछ भी नहीं लिखा या कोई लोन नहीं लिया।अभिनेत्री ने किसी पार्टी द्वारा फेक न्यूज को बढ़ावा देने के लिए हैरानी जताई। उन्होंने आगे लिखा, मैं हैरान हूं कि कोई राजनीतिक पार्टी या उनका प्रतिनिधि मेरे नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल करके फेक न्यूज को बढ़ावा दे रहा है और बेबुनियाद गपशप और क्लिकबैट में लिप्त है।मामले को स्पष्ट करते हुए अभिनेत्री ने आगे लिखा, रिकॉर्ड के लिए एक लोन लिया गया था, जो पूरी तरह से चुका दिया गया था और इस बात को 10 साल से भी ज्यादा समय हो चुका है।

## दिल्ली में नई बीजेपी सरकार जल्द लॉन्च करेगी महिला समृद्धि योजना

### -महिला समृद्धि योजना में किन महिलाओं को मिलेगा लाभ

नई दिल्ली,(ए)। नई सरकार के गठन के बाद दिल्ली में महिला समृद्धि योजना की स्कीम जल्द लॉन्च हो सकती है। दिल्ली में बीजेपी सरकार इसके लिए तैयारियों में जुट गई है। इसको लेकर सीएम रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को लेकर बैठक की और योजना को लागू करने के लिए नियम एवं शर्तें तय करने को कहा। पीएम मोदी ने चुनाव के दौरान ऐलान किया था कि 8 मार्च को महिला दिवस पर दिल्ली की महिलाओं को इसकी पहली किस्त दी जाएगी। अब दिल्ली की सीएम रेखा ने इस बात को दोहराया है।दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने अपने संकल्प पत्र में वादा किया था कि इस योजना के तहत के गरीब महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। योजना को लेकर अभी नियम और शर्तें तय होना बाकी है। इससे पता चलेगा कि इस योजना का लाभ किसे मिलेगा और किसे नहीं।फिलहाल यह साफ हो गया है कि जिन परिवारों की आर्थिक स्थिति अच्छी है। उन्हें इसमें शामिल नहीं किया जाएगा। यह योजना जरूरतमंद महिलाओं के लिए है। यदि आप दिल्ली की मतदाता हैं और परिवार की आर्थिक हालत ठीक नहीं है तो योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू होने से पहले कुछ जरूरी काम कर लें।

## आरोप लगाना और भाग जाना, विपक्ष की आदत बन गई : चिराग पासवान

पटना (आरएनएस)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मंगलवार को विपक्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झूठ बोलने के आरोप लगाने पर पलटवार किया।

चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने क्या झूठ बोला है, यह बताएं। आजकल विपक्ष की आदत बन गई है कि झूठ बोलना और भाग जाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और देश की जनता यह सब बातें देखती है और उसी के आधार पर अपना फैसला करती है। एक झूठ बोलने वाले मुख्यमंत्री दिल्ली में थे, जो बड़े-बड़े वादे कर के आए थे, उनके साथ देश की जनता ने क्या किया, 10 साल के बाद दिल्ली की सत्ता से उन्हें बाहर कर दिया। इसी तरीके से अगर देश में कोई झूठ बोलता है तो लोकतंत्र में इतनी ताकत है कि उस व्यक्ति को अगले चुनाव में जनता अपना फैसला सुना देगी।उन्होंने कहा, अब यही पैमाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी है। इसका मतलब कहीं न कहीं पिछले तीन बार से वह अपनी बातों पर खरे उतरते हैं। आज की तारीख में प्रधानमंत्री मोदी के वादे, उनके वादों को पूरा करने की गारंटी है और यही कारण है कि आज तीसरी बार सत्ता में आए।

## 2024 में 54 देशों ने 296 बार इंटरनेट किया बंद, भारत में 84 बार हुआ

### -पाकिस्तान में 21, रूस में 13, यूक्रेन में 7 और बांग्लादेश में 5 बार शटडाउन

नई दिल्ली,(ए)। पहली बार ऐसा हुआ है कि दुनिया में इंटरनेट बंद करने के मामले में भारत पहले नंबर पर नहीं है। हालांकि अभी दूसरा नंबर है। भारत में इंटरनेट शटडाउन में कमी आई है। मणिपुर हिंसा और पिछले साल हरियाणा के नूंह में साम्प्रदायिक हिंसा को हटा दें तो भारत में बहुत ही कम इंटरनेट बंद किया गया है। चिंता की बात यह है कि भारत अभी भी अपने पड़ोशी देशों से इस मामले में काफी पीछे है। 2018 के बाद पहली बार 2024 में भारत एक साल में इंटरनेट शटडाउन के मामले में दुनिया में आगे नहीं रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल म्यांमार में सबसे ज़्यादा 85 शटडाउन के आदेश दिए गए। भारत में पिछले साल 84 ऐसे आदेश लागू हुए थे।

बता दें दुनिया में इंटरनेट शटडाउन की कुल संख्या 2023 में 39 देशों द्वारा 283 शटडाउन से बढ़कर 2024 में 54 देशों द्वारा 296 शटडाउन हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि म्यांमार के ठीक पीछे भारत है। यहां 84 बार शटडाउन हुआ। भारत में संप्रदायिक संघर्ष,



विरोध और अस्थिरता, सांप्रदायिक हिंसा, परीक्षाओं और चुनावों में नकल रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद की गईं। 41 इंटरनेट शटडाउन विरोध प्रदर्शनों से संबंधित थे। 23 सांप्रदायिक हिंसा से संबंधित थे। 2024 में 16 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इंटरनेट शटडाउन से प्रभावित थे, जिनमें मणिपुर (21), जम्मू-कश्मीर (12) और हरियाणा (12) सबसे आगे थे। रिपोर्ट में बताया है कि मणिपुर में जातीय तनाव एक प्रमुख कारण था।

भारत के बाद पाकिस्तान में 21 बार इंटरनेट बंद हुआ। रूस में 13 बार, यूक्रेन में 7 बार, फिलिस्तीन में 6 बार और बांग्लादेश में 5 बार। पाकिस्तान ने 8 फरवरी को चुनाव के दिन, देशभर में एक्स सिग्नल और ब्लूस्काई को ब्लॉक किया गया था और मोबाइल बंद कर दिया था। 8 देशों ने सीमा पार शटडाउन लगाया, जिससे 13 देश प्रभावित हुए।

# अमयारा दस्तूर की लेटेस्ट तस्वीरों ने इंटरनेट पर बरपाया कहर, एक्ट्रेस की खूबसूरती देख दीवाने हुए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड और स्टनिंग लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर आए दिन अपनी लेटेस्ट खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपना दीवाना बनाए रहती हैं।वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं।इन फोटोज में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर का स्लीवलेस फ्लोरल लुक में सूट पहना हुआ है।एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं। फैंस भी उनकी ये फोटोज देखकर एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने बालों को कर्ली स्टाइल में लुक देकर ओपन किया है और साथ ही लाइट मेकअप कर के अपने आउटलुक को शानदार तरीके से निखारा है।

बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को खूब फॉलो करते हैं।

# गजराज राव की दुपहिया का ट्रेलर जारी, एक मोटरसाइकिल के चक्कर मचा घमासान



प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी ओरिजिनल सीरीज़ दुपहिया का दिलचस्प ट्रेलर जारी किया. सलोना बैंस जोशी और शुभ शिवदासानी द्वारा उनके बैनर बॉम्बे फिल्म कार्टेल के तहत रचित और कार्यकारी निर्मित है. सोनम नायर द्वारा निर्देशित और अविनाश द्विवेदी एवं चिराग गर्ग द्वारा लिखित और रचित यह सीरीज़ एक काल्पनिक गांव धड़कपुर की पृष्ठभूमि पर आधारित एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो छोटे शहर के आकर्षण के साथ हास्य और नाटक का अनूठा मिश्रण पेश करती है. मज़ेदार किरदारों, अराजकता और रहस्यमयी घटनाओं के बेहतरीन मेल के साथ, इस ओरिजिनल सीरीज़ को एक शानदार और बहुप्रतिभाशाली कलाकारों की टीम ने जीवंत बनाया है, जिसमें गजराज राव, रेणुका शहाणे, भुवन अरोड़ा, स्पर्श श्रीवास्तव, शिवानी रघुवंशी, और यशपाल शर्मा मुख्य भूमिकाओं में नज़र आएंगे. यह सीरीज 7 मार्च को भारत और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में प्राइम वीडियो पर विशेष रूप से स्ट्रीम की जाएगी.ट्रेलर की शुरुआत काल्पनिक गांव धड़कपुर से होती है, जिसे बिहार का बेल्जियम भी कहा जाता है. यह गांव अपने 25 वर्षों तक अपराध-मुक्त रहने का जश्न मनाने की तैयारी कर रहा है. लेकिन तभी अराजकता फैल जाती है, जब शादी के तोहफे के रूप में खरीदी गई एक अनोखी मोटरसाइकिल शादी से ठीक 7 दिन पहले चोरी हो जाती है! अब, जब शादी का भविष्य अधर में लटक जाता है, तो दुपहिया को खोजने के लिए परिवार और दुल्हन के पूर्व प्रेमी की यात्रा इस कॉमेडी का केंद्र बन जाती है, जो साधारण लोगों की आशाओं और सपनों को खूबसूरती से दर्शाती है. दुपहिया में दुल्हन के पिता बनवारी झा की भूमिका निभा रहे गजराज राव ने सीरीज़ को लेकर अपना उत्साह साझा किया, दुपहिया ऐसा प्रोजेक्ट है, जिसका हिस्सा बनकर मैं वाकई रोमांचित हूं. एक गणित शिक्षक, बनवारी झा का किरदार निभाना, जो अपनी बेटी की खुशी के लिए गणनाओं को किनारे रखकर सिर्फ दिल की सुनता है, और मेरे लिए यह एक शानदार अनुभव रहा. यह सीरीज़ सलोना बेंस जोशी, सोनम नायर और शुभ शिवदासानी के बेहतरीन सहयोग का नतीजा है, जिसमें एक जबरदस्त कास्ट और क्रू ने काम किया है. यह छोटे शहर की ज़िंदगी की खूबसूरती, उसके अनोखेपन, हलचल और आकर्षण को शानदार तरीके से प्रस्तुत करती है, जहां हास्य और भावनाओं का खूबसूरत मिश्रण देखने को मिलेगा.

# फिटनेस फ्रीक निकिता दत्ता ने बताए फिट रहने के नुस्खे



*अभिनेत्री निकिता दत्ता फिटनेस की प्रबल समर्थक रही हैं। वह एक उत्साही धाविका हैं, जो पिछले 10 वर्षों से मैराथन में भाग लेती आई हैं। दत्ता ने प्रशंसकों को बताया कि कैसे फिट रहना है।*

*फिटनेस को अपना जुनून मानने वाली अभिनेत्री सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर प्रशंसकों के साथ बड़े काम की बातें शेयर करती रहती हैं। वह अपने फॉलोअर्स के साथ वर्कआउट और खान-पान से जुड़े पोस्ट भी शेयर करती रहती हैं।*

*हाल ही में एक कार्यक्रम में निकिता ने एक स्वस्थ जीवन शैली के लिए बनाए अपने नियम पर बात की। जब उनसे उनके खान-पान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया, जब से मैंने एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाई है, तब से मैं काफी सकारात्मक महसूस कर रही हूं। मैं अपने जीवन में इसका पिछले 13 वर्षों से पालन कर रही हूं। मुझे यह कहते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि मैंने पिछले 13 वर्षों में इंस्टेंट नूडल्स को नहीं छुआ है - कोई मैगी नहीं। मुझे ऐसा कुछ भी खाए 13 साल हो चुके हैं।*

*अभिनेत्री ने बताया, मैंने किसी भी बिस्कुट को नहीं छुआ है। मैंने ऐसी चीजों से परहेज किया है। मेरा मानना है कि चाहे ये कितना भी सही होने का दावा क्यों न करें, मगर कोई न कोई दिक्कत तो इससे होगी ही। छह महीने, एक साल या दो साल तक जो पैक्ड है, वह मेरे आहार का हिस्सा नहीं बन सकता है।*

*अभिनेत्री का खान-पान या स्वास्थ्य को लेकर सकारात्मक नजरिया न केवल फिटनेस के प्रति उनके समर्पण को दिखाता है, बल्कि उनके प्रशंसकों के लिए भी एक प्रेरणा के रूप में काम करता है।*

*निकिता के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह पिछली बार मराठी फिल्म 'घरत गणपति' में नजर आई थीं। फिल्म को समीक्षकों ने सराहा और उनके प्रदर्शन को सराहना मिली। अभिनेत्री जल्द ही सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ राम माधवानी की फिल्म 'ज्वेल थीफ' और 'द वेकिंग ऑफ ए नेशन' में दिखाई देंगी।*

## बॉक्स ऑफिसः मेरे हस्बैंड की बीवी का हाल-बेहाल, तीसरे दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये

अर्जुन कपूर काफी समय से फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है।इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर इसका हाल-बेहाल है।यूं तो इस फिल्म को समीक्षकों से अच्छे रिव्यू मिले, लेकिन सिनेमाघरों में इसे दर्शक नसीब नहीं हो रहे हैं।आइए बताते हैं मेरे हस्बैंड की बीवी ने तीसरे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मेरे हस्बैंड की बीवी ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 1.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया,

# क्रेजी का नया गाना गोली मार भेजे में जारी, 28 फरवरी को रिलीज हो रही फिल्म





ग्रीश कोहली के निर्देशन में बन रही फिल्म क्रेजी का दर्शक काफी समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है।

यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि तुम्बाड, दहाड़ और महारानी जैसी फिल्मों में नजर आ चुके अभिनेता सोहम शाह इसके हीरो हैं।

यह फिल्म 28 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। अब इससे पहले निर्माताओं ने क्रेजी का नया गाना गोली मार भेजे में जारी कर दिया है।गोली मार भेजे में गाने के बोल गुलजार ने लिखे हैं, वहीं इसे विशाल भारद्वाज ने कंपोज किया है। सोहम ने फिल्म का निर्माण मुकेश शाह, अमिता शाह और आदेश प्रसाद के साथ किया है। फिल्म की कहानी ग्रीश कोहली ने लिखी है।

# छावा बनी विक्की कौशल की पहली 300 करोड़ी फिल्म, 10वें दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर गाड़े कमाई के झंडे

***विक्की कौशल स्टारर हिस्टोरिकल ड्रामा फिल्म छावा ने बॉक्स ऑफिस पर अपने 10 दिन पूरे करने लिए हैं. बीती 14 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म छावा पहले ही दिन से बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है. फिल्म में विक्की कौशल छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी महाराज के रोल में दिख रहे हैं. फिल्म में साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना संभाजी महाराज की पत्नी येसूभाई भोसले का किरदार निभा रही हैं. फिल्म में अक्षय खन्ना मुगल बादशाह औरंगजेब के किरदार में हैं. वहीं, फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है और 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है.***



सैकनिल्क के अनुसार, विक्की कौशल की फिल्म छावा ने अपने दूसरे रविवार यानि 10वें दिन 40 करोड़ रुपये (अनुमानित) का बिजनेस किया है. इसी के साथ फिल्म छावा ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पर कर 326.75 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. छावा वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर पहले ही 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है और फिल्म अब 400 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है. वहीं, फिल्म छावा के मेकर्स मडोक फिल्म्स ने छावा की 9 दिनों की कुल घरेलू कमाई का आंकड़ा भी शेयर किया है. छावा ने 9 दिनों में 293.40 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है. बता दें, फिल्म छावा ने नौवें दिन की कमाई में 87.23 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की. वहीं, भारत में 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली छावा विक्की कौशल के करियर की पहली फिल्म बन गई है.

# सुबह डिटॉक्स पानी पीते समय ध्यान में रखें ये 5 सरल नियम, होगा फायदा

सुबह के समय डिटॉक्स पानी पीना सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। यह शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है और दिन की शुरुआत ताजगी भरी बनाता है, लेकिन इसे सही तरीके से पीना भी जरूरी है ताकि इसके फायदे पूरी तरह मिल सकें।

इस लेख में हम आपको बताएंगे कि सुबह डिटॉक्स पानी पीते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### सही मात्रा का सेवन करें

डिटॉक्स पानी का सेवन करते समय इसकी मात्रा पर ध्यान देना जरूरी है। अगर आप इसे अधिक मात्रा में पीते हैं तो पेट में गैस या एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

एक गिलास या लगभग 250 मिलीलीटर डिटॉक्स पानी पर्याप्त होता है। इससे आपके शरीर को जरूरी हाइड्रेशन मिलता है और आप दिनभर ऊर्जावान महसूस करते हैं।

सही मात्रा में इसका सेवन आपको तरोताजा बनाए रखने में मदद करता है और आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

### खाली पेट पिएं

डिटॉक्स पानी का सबसे अच्छा असर तब होता है जब इसे सुबह खाली पेट पिया जाए। इससे आपके शरीर को रातभर जमा हुए विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद मिलती है और पाचन तंत्र भी बेहतर तरीके से काम करता है।

यह आपके मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ावा देता है, जिससे आप दिनभर ऊर्जावान महसूस करते हैं।

इसलिए सुबह उठते ही सबसे पहले एक गिलास डिटॉक्स पानी जरूर पिएं ताकि आपका शरीर ताजगी से भर जाए।

### प्राकृतिक सामग्री का उपयोग करें

डिटॉक्स पानी बनाने के लिए हमेशा प्राकृतिक सामग्री जैसे नींबू, खीरा, अदरक या पुदीना का ही उपयोग करें।ये सामग्री न केवल स्वाद बढ़ाती हैं बल्कि आपके शरीर को जरूरी पोषक तत्व भी देती हैं।

आर्टिफिशियल स्वाद या शक्कर मिलाने से बचें क्योंकि ये आपके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।प्राकृतिक सामग्री से बने डिटॉक्स पानी का सेवन आपके शरीर को ताजगी और ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे आप दिनभर ऊर्जावान महसूस करते हैं।



### नियमितता बनाए रखें

डिटॉक्स पानी के फायदों को पूरी तरह से पाने के लिए इसे नियमित रूप से पीना जरूरी है।

अगर आप इसे कभी-कभी ही पीते हैं तो इसके लाभ कम हो सकते हैं और आपके शरीर को इसका पूरा फायदा नहीं मिल पाता है।

रोजाना सुबह इसका सेवन करने की आदत डालें ताकि आपका शरीर धीरे-धीरे इसके लाभों को महसूस कर सके।


इससे आपकी त्वचा और बाल भी स्वस्थ रहेंगे और आप दिनभर ऊर्जावान महसूस करेंगे।

### तापमान पर ध्यान दें

डिटॉक्स पानी का तापमान सही होना चाहिए ताकि यह आपके शरीर के लिए लाभकारी हो सके।

बहुत ठंडा या बहुत गर्म पानी पीने से पाचन में दिक्कत हो सकती है इसलिए इसे सामान्य तापमान पर ही पीना चाहिए। इससे आपके शरीर को आराम मिलता है और यह आसानी से पच भी जाता है। ध्यान रखें कि पानी का तापमान ऐसा हो जो आपके शरीर को सहज लगे ताकि इसके सभी फायदे मिल सकें और आप दिनभर ऊर्जावान महसूस करें।

# चेहरे पर कच्चा दूध लगाने की न करें गलती, त्वचा को हो सकते हैं ये नुकसान



दूध में कैल्शियम, प्रोटीन और आयोडीन समेत कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इस खाद्य पदार्थ को कई लोग त्वचा की देखभाल के लिए भी इस्तेमाल करते हैं, क्योंकि यह त्वचा की चमक को बढ़ा सकता है।

हालांकि, विशेषज्ञों की मानें तो हमें अपनी त्वचा पर कच्चा दूध नहीं लगाना चाहिए। ऐसा करने से त्वचा को नुकसान हो सकता है और संक्रमण का खतरा हो सकता है।

आइए जानते हैं चेहरे पर कच्चा दूध लगाने से क्या होता है।

### रहता है संक्रमण का खतरा

कच्चे दूध को पकाया नहीं गया होता है, जिसके कारण उसमें मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया मर नहीं पाते हैं।इसके कारण उसमें जीवित सूक्ष्मजीवों की भरमार हो जाती है, जिनमें श्व कोलाई, साल्मोनेला और लिस्टेरिया जैसे बैक्टीरिया शामिल होते हैं।जिन लोगों की त्वचा संवेदनशील होती है, उन्हें कच्चे दूध के कारण संक्रमण हो सकता है। इससे त्वचा फट सकती है, फुंसी हो सकती हैं, जलन हो सकती है या त्वचा लाल पड़ सकती है।

### निकलते हैं मुंहासे

कई लोग मानते हैं कि त्वचा पर कच्चा दूध लगाने से मुंहासों का सफाया हो जाता है। हालांकि, यह वास्तव में सच नहीं है।दूध में मौजूद तत्व अतिरिक्त तेल उत्पादन को बढ़ा सकते हैं, जिसके कारण त्वचा के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप मुंहासे और ब्लैकहेड्स की समस्या भी बढ़ने लगती है।अगर आपके चेहरे पर दाने निकलते हैं तो भूलकर भी कच्चा दूध न लगाएं। इससे उनका उपचार तो नहीं होगा, बल्कि वे बढ़ जाएंगे।

### हो सकता है पीएच असंतुलन

स्वस्थ त्वचा के लिए सामान्य पीएच स्तर 4.7 और 5.75 के बीच होता है। यह त्वचा को बैक्टीरिया, प्रदूषकों और जलन पैदा करने वाले तत्वों से बचाने में मदद करता है।

कच्चे दूध का पीएच स्तर अधिक होता है और इसमें प्राकृतिक एंजाइम होते हैं, जो इस नाजुक संतुलन को बिगाड़ सकते हैं।

इसके कारण त्वचा अधिक शुष्क हो सकती है और उसकी सुरक्षात्मक परत कमजोर पड़ सकती है। इसके परिणामस्वरूप जलन और लालपन का खतरा बढ़ जाता है।

### बढ़ सकती है खुजली और जलन

कुछ लोगों को दूध से ऐलर्जी होती है और उसके सेवन के साथ-साथ उसे लगाने से भी उन्हें परेशानी महसूस हो सकती है।इसके लक्षणों में लालपन, खुजली और चकत्ते शामिल होते हैं। कच्चे दूध में कैसिइन और मट्ठा मौजूद होता है, जो रोमछिद्रों को बंद करने और मुंहासों को बढ़ाने में योगदान देता है।अगर आपकी त्वचा पर मुंहासे होते हैं तो कच्चा दूध लगाने से वे बढ़ सकते हैं और खुजली व जलन पैदा हो सकती है।

# शिवाराधना से आज सराबोर रहेगी नर्मदा नगरी

## सभी शिवालयों में हो रही जोरदार तैयारी, काले महादेव से निकलेगी शाही सवारी

नर्मदापुरम (निप्र)। भोले की भक्ति का महान पर्व महाशिवरात्री के पावन पर्व पर आज नर्मदानगरी शिव आराधना से सराबोर रहेगी। शहर के शताधिक शिवालयों में जोरदार तैयारी चल रही हैं। शहर के प्रसिद्ध काले महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात के रूप में शाही सवारी विशाल पालकी शोभायात्रा गाजे बाजे से निकाली जाएगी। बारात में हाथी, घोड़े, ऊंट भी शामिल किए जाएंगे। इसी के साथ शहर के शिव मंदिरों में महारूद्राभिषेक के आयोजन होंगे। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में बीते 145 वर्षों की तरह इस वर्ष भी 24 घंटे तक देवादिदेव महादेव का रूद्राभिषेक 11 पंडितों के द्वारा किया जाएगा। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के केंद्र में शिव जयंती का आयोजन किया जा रहा है।

### महाशिवरात्रि महोत्सव पर चारो पहर रुद्राभिषेक

शिव शक्ति देवालय श्रीमाधव संन्यास आश्रम में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत द्वादश पार्थिव ज्योर्तिलिंग, नर्मदेश्वर शिवलिंग का रात्रि के चारो पहर संगीतगमय रुद्राभिषेक किया जाएगा। इसके साथ ही भस्म आरती महाआरती की जाएगी। शिवम शिवालय में भजन कीर्तन के आयोजन होंगे।

### शिवालयों में हुई साज सज्जा

महाशिवरात्रि पर्व के एक दिन पूर्व से ही शहर के सभी शिवालय सज गए हैं। शहर के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, इच्छापूर्ति महादेव मंदिर, शिवम शिवालय, माधव आश्रम,पंचमुखी महादेव मंदिर, शिद्धेश्वर महादेव मंदिर, शनि शिवालय, के साथ ही शहर के अन्य भी शिव मंदिरों में विशेष पूजन अर्चन के आयोजन होना एक दिन पूर्व से ही शुरू हो गए हैं।

### धूमधाम से निकलेगी शाही सवारी

श्रीकालेमहादेव सेवा समिति के द्वारा आज महाशिवरात्री के पावन अवसर पर काले महादेव की पालकी शोभायात्रा के साथ ही शाही सवारी निकाली जाएगी। भगवान भोलेनाथ की बारात गाजे बाजे के साथ और विभिन्न झांकियों के साथ निकाली जाएगी।

### महारुद्राभिषेक के होंगे आयोजन

नर्मदा तट के सेठानी घाट पर शिवार्चन समिति के द्वारा सेठानी घाट पर नर्मदा जी की जलधारा में नाव पर मंच बनाकर पार्थिवेश्वर महादेव की षोडशोपचार विधि से पं सोमेश परसाई के आचार्यत्व में महारुद्राभिषेक किया जाएगा।

# जनसुनवाई के दौरान 78 आवेदनों पर हुई सुनवाई



नर्मदापुरम (निप्र)। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान सिटी सजिस्ट्रेट बृजेन्द्र रावत ने आज 78 आवेदन कर्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में मीनाक्षी चौक नर्मदापुरम निवासी श्रीमती मंजू राजपूत ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि वह वृद्ध विधवा महिला ने उनकी मीनाक्षी चौक स्थित दुकान पर किराएदार द्वारा अवैध कब्जा कर दुकान खाली करने के लिए बोले जाने पर गाली गलौंच एवं जान से मारने की धमकी दी जा रही है। सिटी मजिस्ट्रेट श्री रावत द्वारा संबंधित अधिकारी को समस्या का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।जनसुनवाई में आए महेश शुक्ला आईटीआई नर्मदापुरम स्थित घर की छत एवं दीवार से 450 बोल्ट बिजली केवल लाइन छूकर निकलती है जो की अत्यंत क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं, उसमें अनेकों बार शर्ट ट सर्किट एवं आगजनी की घटनाएं हो चुकी है, जिससे हमेशा बड़ी दुर्घटना एवं जनहानि की आशंका बनी रहती है। उनके द्वारा बिजली विभाग का आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं आवेदन शीघ्र अतिशीघ्र समस्या का निवारण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया।

# आस्था, भक्ति, उत्साह और महादेव के प्रति अपार प्रेम का अनूठा समागम पचमढ़ी का महादेव मेला

## सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी की मनोरम वादियों में गूंजते हर-हर महादेव के जयकारे। महादेव मंदिर तक दुर्गम मार्गों पर लगा हुआ है श्रद्धालुओ का रैला







नर्मदापुरम (निप्र)। मेले के नोवें दिन भी भक्तों की अपार भीड़ से पचमढ़ी में हर भोला हर हर महादेव के जयकारों से महादेव चौरागढ़ दर्शन हेतु पधारे भक्तों से पूरा पचमढ़ी भक्तिमय हो रहा है। पचमढी में महाशिवरात्री के पावन पर्व पर भक्तों की अपार भीड उमड रही है। दुर्गम मार्ग होने के बाबजूद पूरी श्रद्धा एवं अस्था के साथ महादेव एवं चौरागढ जा रहे हैं। अभी तक लगभग 1 लाख 50 हजार से अधिक श्रद्धालू दर्शन कर चुके हैं।पचमढी को भगवान शिव की तपस्या स्थली माना जाता है। मान्यता है कि महारष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के लोग भगवान शिव को अपना बहनोई तथा देवी पार्वती को अपनी बहन मानते है, इसलिये विशेष रूप से विदर्भ के श्रद्धालू महाशिवरात्रि पर भगवान शिव को त्रिशूल भेंट देने आते है, भक्तजन बडे बडे वजन के त्रिशूल लेकर अपने आरध्य को अर्पित करने के लिये दुर्गम रास्तों से पहुँचते हैं तथा कई श्रद्धालू अपनी मनोकामना पूरी होने पर ही मंदिर में त्रिशूल भेंट करते हैं। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार अध्यक्ष, महादेव मेला समिति सौजान सिंह रावत, सचिव श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव एवं अतिरिक्त दण्डाधिकारी नर्मदापुरम डीके सिंह द्वारा मेले की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। भक्तों की आवागमन, भोजन व्यवस्था, सफाई, चिकित्सा व्यवस्था आदि का मौके पर जा कर आला अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर संबधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये जा रहे हैं।एसपी डॉ गुरकरन सिंह के निर्देशानुसार एवं एसडीओपी पिपरिया श्री मोहित यादव के मार्गदर्शन में पुलिस टीम सुरक्षा की दृष्टि से सेक्टर पाईंटो के साथ ही जगह जगह पर तैनात है, बढती भीड को देखते हुए पुलिस टीम भक्तों को समझाईस भी दे रही है। चिकित्सक एवं स्वास्थ कर्मी पूरी कर्मठता और समर्पण भाव से भक्तों को अपनी सेवाऐं प्रदान कर रहे हैं तथा बीमार एवं चौटिल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार कर उन्हें पचमढी अस्पताल रेफर किया जा रहा है।क्षेत्रीय परिवहन विभाग द्वारा सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में चल रहे वाहनों की चेंकिंग कर ओवरलोडिंग को रोकने की एवं निर्धारित राशि भक्तों से लेने की हिदायतें दी जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा अभी तक कई वाहनों की चालानी कार्यवाही भी की गई है।

# भोले की शाही सवारी के लिए सड़क से हटाया अतिक्रमण

नर्मदापुरम (निप्र)। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर' शिवरात्रि के आयोजन को लेकर नगर में व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। जिसमें बाबा भोलेनाथ की निकलने वाली शाही सवारी के मार्ग का अतिक्रमण हटाया गया तथा अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि अगर मार्ग में किसी प्रकार का अतिक्रमण किया जाएगा तो उन पर जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जो भी सीमा से बाहर सामग्री मिलेगी उसे नगरपालिका द्वारा जब्त कर लिया जाएगा। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि भगवान भोलेनाथ की शाही सवारी को लेकर विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया गया। सतरस्ते से लेकर प्राचीन श्री काले महोदव मंदिर तक सड़क किनारे खड़े फल सब्जी ठेले वालों हटाकर उन्हें व्यवस्थित कराया गया तथा दुकानों के बाहर रखी सामग्री को अंदर करवाया। साथ ही दुकानदारों को हिदायत दी गई कि कोई दुकान की सीमा से बाहर व्यवसाय करेगा उन पर जुर्माना भी किया जाएगा साथ ही सामग्री जब्त कर ली जाएगी।नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगर के नागरिकों से आग्रह किया है कि आज शिवरात्रि का महापर्व है। नगर में प्राचीन श्री काले महादेव मंदिर से शाही सवारी निकलेगी जिसके लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। व्यवस्था बनाने में सभी सहयोग करें। जिससे नगर के नागरिक और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधा हो।

# पचमढ़ी मेला में चिकित्सा अधिकारी कर्मचारी श्रद्धालुओं को दे रहे उपचार

नर्मदापुरम (निप्र)। पचमढ़ी में 17 से 26 फरवरी 2025 तक महाशिवरात्रि मेला आयोजित किया गया है। इस दौरान श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न मेला स्थलों चौरागढ़, नांदिया



जंक्शन, अंडरपास, बीड़, बड़ा महादेव, नांदिया ग्राम, जटाशंकर इत्यादि पर मेडिकल टीम तैनात की गई है। डॉ. रिचा कटकवार, बीएमओ पिपरिया एवं मेला प्रभारी अधिकारी (स्वास्थ्य) तथा डॉ कुलदीप सिंह ठाकुर दन्त शल्य चिकित्सा अधिकारी पचमढी ने बताया कि मेले में विभिन्न स्थलों पर डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, ऑक्सीजन सिलेंडर, स्ट्रेचर और जीवनरक्षक दवाइयों के साथ मेडिकल टीम तैनात है। श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।इसके अलावा मेले में 04 एम्बुलेंसों की भी ड्यूटी लगाई गई है, जो गंभीर मरीजों को अग्रिम उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचमढ़ी भेजती हैं। मेले के दौरान अधिकांश मरीज हाथ-पैर दर्द, बुखार, श्वांस लेने में तकलीफ, घबराहट और डिहाइड्रेशन के कारण उपचार के लिए आ रहे हैं।

# जिला सलाहकार समिति की बैठक 27 फरवरी को

नर्मदापुरम (निप्र) पीसी पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक 27 फरवरी 2025 को दोपहर 12:30 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला नर्मदापुरम के कक्ष में आयोजित की जाएगी।

### होली अवकाश को छोड़कर अन्य अवकाश दिवसों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

नर्मदापुरम (निप्र) वरिष्ठ जिला पंजीयक नर्मदापुरम ने बताया कि जिले में मार्च 2025 में राजस्व संग्रह को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। होली के अवकाश को छोड़कर, सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों में उप पंजीयक कार्यालय और जिला पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे, जिससे जनता को दस्तावेजों के पंजीयन में सुविधा मिलेगी।

# भव्य शिव बारात आज होंगी आकर्षक प्रस्तुतियाँ

सीहोर (निप्र)। शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर शिवरात्रि उत्सव समिति सीहोर के तत्वाधान में भव्य अलौकिक और दर्शनीय शिव बारात निकलेगी। चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि नगर के शिव बारात चल समारोह मे भगवान भोले नाथ की बारात आज शाम को श्री बटेश्वर महादेव इंदौर नाके से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री काशीपति विश्वनाथ मंदिर हनुमान फाटक कस्बे में भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ संपन्न होगी। भव्य शिव बारात चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया की चल समारोह में कई अनूठे और दर्शनीय आयोजन किये जायेंगे। वही बाबा महाकाल की अलौकिक झाकिया निकाली जाएगी। शिवरात्रि उत्सव से नगर में एक अलग ही आलौकिक माहौल रहता है महाशिवरात्रि उत्सव समिति के अध्यक्ष राजीव गुजरती एवं संस्थापक लोकेश सोनी ने बताया कि नगर के शिव बारात चल समारोह ने अपनी एक अलग प्रतिष्ठा स्थापित की है, हज़ारो की संख्या में शिव भक्त बाराती के रूप में शामिल होते है, इस वर्ष भी समिति द्वारा भगवान भोले नाथ की बारात तैयारी युद्व स्तर पर की जा रही है । भव्य शिवबारात चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक भव्य चल समारोह धर्ममय माहौल में निकाला जाएगा। इस चल समारोह में कई अनूठे और दर्शनीय आयोजन किये जायेंगे वही बाबा महाकाल की अलौकिक झाकिया निकाली जाएगी। कार्यक्रम में विशाल बारात चल समारोह में इस वर्ष भी इस वर्ष भी शिवरात्रि महोत्सव पर देश भर के कलाकार आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे, कार्यक्रम में बॉलीवुड फ़ेम रोहन रुद्राक्ष एण्ड ग्रुप दिल्ली, श्री हनुमंत ध्वज परहक, महाकाल कला समूह कोटा राजस्थान,नितिन गिल आर्ट ग्रुप पंजाब,कृष्णा जी म्यूजिक ग्रुप दिल्ली, महाकाल भक्त मण्डल बेरागढ़, इन्दौर, भोपाल, बैरसिया, की आकर्षक झाकियां, वृंदावन की रासलीला, राजस्थान का घुमर,12 ज्योर्तिलिंग के दर्शन बाबा महांकाल के दर्शन,वीर गुप्ता अघोरी ग्रुप हरियाणा की प्रस्तुति दी जाएगी,महाकाल आर्ट ग्रुप कोटा, वहीँ इंदौर के कलाकारों द्वारा बाबा महाकाल की झांकिया कार्यक्रम में सुंदरता अपने रंग बिखेरेंगी, स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई जा रही भगवान भोलेनाथ के आदि योगी स्वरूप की भव्य प्रतिमा के साथ भक्तो को 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन होंगे वही दूसरी रास लीला शिव तांडव की प्रस्तुति दी जाएगी। समिति के अध्यक्ष राजीव गुजराती एवं संस्थापक लोकेश सोनी ने बताया कि कलाकारों की प्रस्तुति हेतु चलसमरोह मार्ग पर आठ पॉइंट निर्धारित किये गए है कार्यक्रम की व्यापक तैयारी समिति द्वारा की जा रही है। समिति के अथक प्रयासों से कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महाशिवरात्रि उत्सव समिति के प्रमुख संरक्षक सन्नी महाजन, समाज सेवी अखलेश राय, कमलेश अग्रवाल, पंकज गुप्ता, आयुष सोनी, प्रभारी गण यश यादव एवं ऋषि सोनी , राजू खत्री, सयोजक ऋषि सोलंकी,उप अध्यक्ष गण यश अग्रवाल, सोनू विश्वकर्मा, लकी सक्सेना, सर्वेश व्यास,धीरू यादव ,ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ माता बहनो से अधिक से अधिक संख्या में चल समारोह में शामिल होने की अपील की है ।

## महाशिवरात्रि पर विशेष

# तिलक सिंदूर में स्थित है भगवान भोलेनाथ का प्राचीन शिवलिंग

## महाशिवरात्रि पर लगता है सतपुड़ा की सुरम्य वादियों में विशाल मेला





### तिलक सिंदूर से लौटकर, बलराम शर्मा

महाशिवरात्री का महान पर्व पूरे विश्व में मनाया जाता है। दुनिया में जितने भी शिवालय व शिवलिंग हैं उनकी अपनी अलग ही विशेषताएं हैं। नर्मदांचल में शिवालयों की संख्या सैंकड़ों नहीं हजारों में है। यदि शिवलिंग की संख्या एक लाख भी कही जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। लेकिन महाशिवरात्रि के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर तिलक सिंदूर के शिवलिंग का दर्शन करके अहोभाग्य मेहसूस हुआ। जगत के प्राचीन शिवालयों में तिलक सिंदूर की गणना होना स्वाभाविक है। नर्मदापुरम से करीब 37 किलोमीटर दूर सतपुड़ा की हरी भरी सुरम्य वादियों में भगवान भोलेनाथ का विशेष धाम तिलक सिंदूर की महिमा अद् भुत ही है। मुख्य विशेषता है कि दुनिया के शिवलिंगों में सिर्फ तिलक सिंदूर के शिवलिंग पर सिंदूर चढ़ाने की प्राचीन परंपरा है। यहां पर तीन पीढियों से पूजा अर्चना करने वाले आदिवासी परिवार के रामदास नागले ने बताया कि उनके पिता सुखलाल नागले व दादा उमराव नागले, ने उन्हें बताया था कि उनकी अनेक पीढियों से यहां भोलेनाथ की पूजन अर्चन की जा रही है। यही बात सात पीड़ियों से तिलक सिंदूर में पूजा अर्चना करने वाले पं पुरूषोत्तम जोशी का कहना है कि उनके दादा परदादा उन्हें बताते रहे हैं कि यहां पर भगवान भोलेनाथ भस्मासुर से छिपते हुए बचाव के लिए माता पार्वती व पुत्र गणेश के साथ दुर्गम जंगल व पहाड़ी पर आए थे। यहां पर कंदरा में उन्होंने कुछ दिन बिताए थे। लेकिन भस्मासुर को पता लग गया था। तब भगवान भोलेनाथ यहां से छलांग लगाकर गुफा के माध्यम से पचमढ़ी की ओर चले गए थे।

### शिवलिंग पर चढ़ता है सिंदूर

मंदिर में पूजा करने वाले पुजारियों ने बताया कि देश विदेश के किसी भी शिवलिंग पर सिंदूर नहीं चढ़ाया जाता है। सिर्फ यहां सिंदूर चढ़ाने की प्राचीन परंपरा है। पुजारियों ने तो यहां तक बताया कि यह शिवलिंग माता पार्वती ने बनाया था। माता पार्वती ने शिवलिंग की पूजा अर्चना की है। इसलिए यहां पर महिलाएं अपने सौभाग्य के लिए सिंदूर चढ़ाती हैं। जिसे उन्हें अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। यहां पर दंपत्ति सिंदूर चढ़ाते हैं। मंदिर परिसर में सिंदूर आसानी से मिल जाता है। महाशिवरात्रि व श्रावण माह में यहां देश के अनेक प्रांतों से बड़ी संख्या में शिव भक्त पहुंचते हैं। शिवभक्तों के आगमन के चलते महाशिवरात्रि पर यहां पर विशाल मेले का आयोजन भी होता है। एक दो दिन पूर्व से ही बड़ी संख्या में दुकानदार मेला में अपनी दुकानें लगाते हैं।

### सिंदूर चढ़ाने की मान्यता

पुजारियों व यहां के श्रद्धालुओं को उनके बुजुर्गों ने बताया है कि भस्मासुर राक्षस से बचने के लिए भोलेनाथ परिवार सहित इस स्थान पर रुके हुए थे। तभी सिंदूर नामक एक असुर ने माता पार्वती का हरण किया था। इसके बाद इसी स्थान पर सिंदूर असुर से भगवान गणेश का युद्ध हुआ और भगवान गणेश ने सिंदूर नामक राक्षस विजय प्राप्त कर उसका वध कर उसके रक्त से भगवान शिव का अभिषेक किया गया था। जिसके बाद भगवान शंकर को सिंदूर चड़ाया जाने लगा। मंदिर की पूजन की थाल में सिंदूर अवश्य रहता है। हनुमान जी को भी सिंदूर चढ़ाया जाता है। यहां पर लालमुंह के बंदर भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं।

### सिंदूर को लेकर एक अन्य दंतकथा

जंगल व पहाड़ी क्षेत्र होने से यहां पर आदिवासियों का प्राचीन काल से वास रहा है। उनकी अनेक दंत कथाएं भी हैं उसी में से एक दंत कथा है कि प्राचीन समय में यहां सिंदूर के पेड़ बडी मात्रा में मौजूद थे। जो गोंडवाना क्षेत्र कहा जाता था। यहां के राजा दलवत सिंह उईके ने सतपुड़ा के जंगल से लाकर सिंदूर से भगवान शिव की आराधना की थी और इसे शिवरात्रि के बाद आने वाली होली पर्व पर सिंदूर से होली खेलने से जोड़कर भी मान्यता है। इसीलिए यहां भगवान को सिंदूर से अभिषेक किया जाता है। इन तमाम विशेषताओं के चलते इस स्थान का नाम तिलक सिंदूर पड़ा है।

### आदिवासी कराते हैं पूजन

देश के तमाम शिवलिंगों की पूजन अर्चन वेदपाठी पंडित कराते हैं। लेकिन तिलक सिंदूर की दूसरी विशेषता यह है कि यहां पर पंडित के स्थान पर आदिवासी पीढ़ियों से पूजन कराते आ रहे हैं। वर्तमान में रामदयाल नागले पुजारी हैं।

### तांत्रिक क्रियांओं के लिए भी प्रसिद्ध है तिलक सिंदूर

श्मशान वासी भगवान भोलेनाथ के साथ तांत्रिक क्रियाओं का भी विशेष महत्व है। तिलक सिंदूर के बारे में यह भी मान्यता है कि तांत्रिक क्रिया करने वाले साधक भी यहां तांत्रिक क्रिया के उद्देश्य से पहुंचते हैं। मंदिर के तालाब के उस पार अनेक आदिवासी गांवों का श्मशान स्थल भी है जहां विशेष पर्वों पर तांत्रिक क्रियाएं भी की जाती हैं।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com